रांची, बुधवार
17.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 106, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया



हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनायें



## NEWS IN Gallery

### रामनवमी आज, रामलला का सूर्य करेंगे तिलक

**अयोध्या** : रामनवमी पर अयोध्या में विराजमान रामलला का सूर्य तिलक होगा। तीन मिनट तक रामलला के मस्तक पर सूर्य किरणें पड़ेंगी। इसके लिये बेंगलुरु की कंपनी ने अष्टधातु के 20 पाइप से यह सिस्टम तैयार किया है। कंपनी ने 1.20 करोड़ का ये सिस्टम मंदिर को डोनेट किया है। 65 फीट लंबाई के इस सिस्टम में अष्टधातु के 20 पाइप लगाये गये हैं।

### हेमंत की जमानत याचिका पर 23 अप्रैल को अगली सुनवाई

**रांची** : जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अब अदालत ने मामले में 23 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

### निशीथ प्रमाणिक की गाड़ी की चेकिंग से कार्यकर्ता भड़के

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मंगलवार को राज्य पुलिस और चुनाव आयोग के अधिकारियों की एक टीम ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं मौजूदा सांसद निशीथ प्रमाणिक के वाहन को जांच के लिए रोक लिया। इससे जिले में विवाद पैदा हो गया। भाजपा नेता निशीथ प्रमाणिक कूच बिहार से फिर से चुनावी मैदान में हैं। टीम ने दिनहाटा में मंगलवार को निशीथ प्रमाणिक के काफिले में शामिल गाड़ियों को टीम ने चेकिंग के लिए रोका। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह वाहन मंत्री का है, इसलिए इस तरह जांच नहीं की जा सकती। हालांकि, पुलिस और ईसी अधिकारियों की टीम ने उनके तर्क को मानने से इनकार कर दिया।

### ईरान के कब्जे से भारतीयों की सुरक्षित वापसी का जल्द मिलेगा समाधान

**नई दिल्ली** : ईरान द्वारा पकड़े गये भारतीयों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत सरकार की तरफ से रास्ता तलाशा जा रहा है। ईरान की तरफ से हार्मुज जलडमरूमध्य के निकट एक इजरायली जहाज पर कब्जा किया गया है। इस जहाज पर 17 भारतीयों के होने की सूचना के बाद भारत का विदेश मंत्रालय एक्टिव हो गया और अब ईरान के विदेश मंत्री का भी इस मामले पर बयान आ गया। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने इस मामले को लेकर कहा कि मालवाहक जहाज पर जो 17 भारतीय मौजूद हैं, उनसे भारतीय अधिकारियों को मिलने की अनुमति दी जायेगी।

---

**छत्तीसगढ़ : कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन**

# नक्सल कमांडर समेत 29 नक्सली ढेर, अभियान जारी

- भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी कमांडर भी मारा गया
- मुठभेड़ में बीएसफ के इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान घायल

एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट के कांकेर जिले में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। यहां के माड़ इलाके में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है। घटनास्थल पर भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में बीएसफ के इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल हुए हैं। घायलों की स्थिति बेहतर बतायी जा रही है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके से सात एके-47 बरामद की है।

बता दें कि कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में वोटिंग होनी है। वोटिंग से पहले सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में हुई। घायल जवानों को जंगल से निकाल लिया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा दल मुठभेड़ स्थल पर भेजे गये हैं।

मुठभेड़ के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। अधिकारियों की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ स्थल से 29 शव बरामद किये गये हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में आधुनिक राइफल, सात एके-47 राइफल, तीन एलएमजी बरामद किये गये हैं। मुठभेड़ में मारे गये शंकर राव पर 25 लाख का इनाम था।



### नक्सलियों ने पहले किया था हमला

**अधिकारियों** ने बताया कि छोटे बेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें जवान घायल हो गये।

---

# UPSC की सिविल सर्विस परीक्षा का रिजल्ट जारी, आदित्य बने टॉपर



एजेंसी

**नई दिल्ली** : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा ली जाने वाली देश की सबसे बड़ी सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट आ गया है। सिविल सर्विस परीक्षा में इस साल आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। उन्होंने इस परीक्षा में पहली रैंक हासिल की है। दूसरे नंबर पर अनिमेश प्रधान हैं। टॉप-3 में तीसरा स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने हासिल किया है। यूपीएससी की इन परीक्षाओं में कुल 180 उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए चुने गये हैं। वहीं, 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए चुने गये हैं। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इन परीक्षाओं के माध्यम से 613 उम्मीदवारों का चयन केंद्र सरकार के विभिन्न ग्रेड ए पदों पर हुआ है। 113 उम्मीदवार ग्रेड बी पद के लिए चुने गये हैं। सिविल सर्विस के लिए ली जाने वाली यूपीएससी परीक्षा के तीन चरण होते हैं, प्रीलिम्स, मेन्स और पर्सनालिटी टेस्ट (इंटरव्यू)।

यूपीएससी ने इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि परीक्षा के इस वर्ष इंटरव्यू का समापन नौ अप्रैल 2024 को हुआ था। आईएएस के लिए इंटरव्यू चार जनवरी को शुरू हुए थे और नौ अप्रैल तक इंटरव्यू चले। यूपीएससी के मुताबिक, अलग-अलग चरणों में आयोजित किये गये इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत सिविल सर्विस (आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद) पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किये गये हैं।

### जमशेदपुर की स्वाति शर्मा को मिला 17वां रैंक




स्वदेश संवाददाता

**रांची** : यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग 2023) का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया। इसमें झारखंड की बेटी स्वाति को 17वां रैंक मिला है। स्वाति जमशेदपुर जिले के कालिका नगर मानगो की रहनेवाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। वहीं, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89वां रैंक मिला है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।

---

# मेट्रो क्रेन से ऑटो की भीषण टक्कर, सात लोगों की मौत



एजेंसी

**पटना** : बिहार की राजधानी पटना के कंकड़बाग न्यू बाईपास इलाके में मंगलवार को मेट्रो के कार्य में लगे एक क्रेन और ऑटो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, बताया जाता है कि ऑटो में सवार होकर सभी रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान रास्ते में रामलखन पथ पर मेट्रो निर्माण के लिए क्रेन से काम किया जा रहा था। ऑटो क्रेन के नजदीक पहुंचा और दोनों की जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गये।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सभी अलग-अलग जिले के बताये जा रहे हैं। मृतकों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं।

### झेलम में यात्रियों से भरी नाव पलटी, छह की मौत

**श्रीनगर** : श्रीनगर में बटवाड़ा इलाके के पास मंगलवार सुबह झेलम नदी में एक नाव पलट गयी, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी सवार थे। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी और छह लोगों को बचाने के बाद एसएमएचएस में भर्ती कराया गया है। नाव में कुल 15 लोग सवार थे, जिसमें तीन अभी भी लापता हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में नाव पलटने की घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। संभागीय आयुक्त कश्मीर, आईजीपी कश्मीर, उपायुक्त श्रीनगर और एसएसपी श्रीनगर, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। लापता तीन लोगों को खोजने के लिए एसडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियों की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही हैं।

---

**पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना, कहा –**

# टीएमसी ने रामनवमी का किया विरोध, घुटने पर लायेंगे

एजेंसी

**कोलकाता** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बालूरघाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी ममता बनर्जी की सरकार ने हिंदुओं के त्योहार रामनवमी को रोकने की कोशिश की। पीएम ने कहा - कोर्ट से अनुमति मिली। कल पूरी श्रद्धा-भक्ति से रामनवमी की शोभायात्राएं निकलेगी। मैं बंगाल के भाई-बहनों को बधाई देता हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों को लीज पर दे दिया है। वह कानूनी शरणार्थियों का विरोध करती हैं और नहीं चाहती हैं कि देश में वैध लोग बसें। ऐसे में तृणमूल सीएए का भी विरोध करती है और अवैध घुसपैठियों को बसाती है। प्रधानमंत्री ने कहा - यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। मुझे पता है कि तृणमूल ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव रोकने की पूरी कोशिश की और सारे षड्यंत्र रचे पर जीत सत्य की ही होती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि मनरेगा का पैसा तृणमूल ने रोका है, जबकि भाजपा ने बंगाल के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही तृणमूल की दुकान बंद होने वाली है। तृणमूल ने बंगाल के विकास को रोका है। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा यहां आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर बिठाने वाली तृणमूल जल्द घुटनों पर आ जायेगी। यह चुनाव इन्हें बतायेगा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं।



---

**लोकसभा चुनाव : बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की 12वीं लिस्ट**

# अभिषेक बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे अभिजीत दास

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए उम्मीदवारों की 12वीं लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी की इस लिस्ट में सात उम्मीदवारों का नाम है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश के देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया है। शशांक बीजेपी के पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र हैं। यानी देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी का टिकट कट गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल की हाई प्रोफाइल सीट डायमंड हार्बर से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी से होगा।



### कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका को बनाया उम्मीदवार

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : कांग्रेस पार्टी ने झारखंड की तीन लोक सभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, चतरा से केएन त्रिपाठी को टिकट मिला है। दीपिका सिंह पांडेय महगामा से पार्टी की विधायक हैं जबकि धनबाद उम्मीदवार अनुपमा सिंह पार्टी के बेरमो से विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी हैं। अब कांग्रेस द्वारा सिर्फ रांची सीट के लिए उम्मीदवार घोषित करना बाकि है।



### शाह ने कश्मीर की तीन लोस सीटों पर उम्मीदवार न उतारने के दिये संकेत

**जम्मू** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू में कहा कि भाजपा घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है। उन्होंने संकेत दिये कि भाजपा कश्मीर की तीन महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। उन्होंने युवाओं से नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी जैसी पार्टियों को वोट न देने की अपील की। जम्मू के पलौडा इलाके में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा को घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है, क्योंकि पार्टी दिल जीतने की प्रक्रिया में है।

---

**लोकसभा चुनाव** | **निर्वाचन आयोग ने कहा - सभी दलों के साथ हो रहा समान व्यवहार**

# एक महीने की कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की

एजेंसी

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गयी है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की भी जानकारी दी है। आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन में रखेगा। इसका मकसद समय-समय पर कुछ क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों और आक्षेपों को संबोधित करना है।

आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान सात राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की। राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर भी कई प्रतिनिधिमंडल मिले। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगभग 200 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गयी है।




### चुनाव आयोग ने सुरजेवाला को प्रचार करने से रोका

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया। इस लोकसभा चुनाव चक्र में चुनाव निकाय द्वारा लगाया गया यह पहला अभियान प्रतिबंध है। चुनाव आयोग ने पिछले मंगलवार को मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने सुरजेवाला के जवाब में दी गयी सामग्री और कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है।

---

**पतंजलि केस में सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव बोले –**

# हम सार्वजनिक माफी मांगने को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को पतंजलि के विज्ञापन मामले में योग गुरु स्वामी रामदेव के माफीनामे पर सुनवाई हुई। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रहे। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत तौर पर सुप्रीम कोर्ट माफी मांगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि पतंजलि की माफी अभी स्वीकार नहीं की गयी है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को सुनवाई की अगली तारीख को उपस्थित रहने को कहा है। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा और आचार्य बालकृष्ण से बातचीत की। कोर्ट ने बाबा रामदेव से सीधा सवाल किया - आपको माफी क्यों दी जाये? स्वामी रामदेव ने कोर्ट से कहा - मैं आगे से जागरूक रहूंगा, मैं जानता हूं कि करोड़ों लोग मुझसे जुड़े हुए हैं। वहीं, आचार्य बालकृष्ण ने कहा - ये भूल अज्ञानता में हुई है, हमारे पास सबूत हैं। जस्टिस अमानुल्ला ने कहा - आप एलोपैथी पे उंगुली नहीं उठा पायेंगे, ये सही नहीं है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा - हमने उत्साह में आकर ये कर दिया है। हम आगे सजग रहेंगे। हम एलोपैथी के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे कि आपकी माफी स्वीकार की जाये या नहीं। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की।



# खूंटी : 17 लोस चुनावों में सिर्फ एक महिला ही संसद पहुंच पायी

## भाजपा या झारखंड पार्टी ने अब तक किसी महिला को नहीं दिया टिकट

**स्वदेश संवाददाता**

**खूंटी :** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1952 से लेकर अब तक खूंटी संसदीय सीट पर हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।




### अर्जुन और कालीचरण मुंडा दोनों 23 अप्रैल को करेंगे नामांकन

खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों मुंडाओं ने एक ही दिन 16 अप्रैल को नामांकन पत्र भरा था।

खूंटी संसदीय सीट से 1952, 1957, 1962 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा ने लगतार जीत दर्ज की थी। 1967 में उन्होंने प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कहने पर झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और उस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे, लेकिन झारखंड पार्टी के ही कद्दावर नेता एनई होरो सहित कई लोगों ने विलय का विरोध किया और 1971 में झारखंड पार्टी के संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ा और वे लोकसभा पहुंचे गये। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत गये, लेकिन 1980 के चुनाव में एनई होरो ने फिर उन्हें मात दे दी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर में कांग्रेस के प्रत्याशी साइमन तिग्गा खूंटी से सांसद बने। उसके बाद 1989, 1991 1998 और 1999 में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार जीत दर्ज की, लेकिन 2004 में कड़िया मुंडा कांग्रेस प्रत्याशी सुशीला केरेकेट्टा से मात खा गये। 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने सुशीला केरेकेट्टा को टिकट नहीं देकर नियेल तिर्की को मैदान में उतारा, लेकिन वे भी कड़िया मुंडा से परास्त हो गये। 2014 में कड़िया मुंडा आठवीं बार जीत हासिल कर लोकसभा पहुंचे। पद्मभूषण अलंकरण मिलने के बाद उन्होंने चुनावी राजनीति से खुद को अलग कर लिया। 2019 में भाजपा ने अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को महज 1445 वोट के अंतर से पराजित कर संसद पहुंचे थे। इस बार भी मुकाबला दोनों पुराने प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा के बीच ही है।

## जेवीएम श्यामली में कक्षा दसवीं के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम का आयोजन

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** हर बच्चे के लिए दसवीं कक्षा एक अहम पड़ाव है। इसे पास करने के लिए सुनिश्चित योजना और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिसमें अभिभावक और शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। अच्छी शिक्षा और संस्कारों के बिना बच्चे के सर्वांगीण विकास की कल्पना संभव नहीं है। आपाधापी भरी जिंदगी में लोग गुणात्मक शिक्षा और संस्कारों के प्रति उतने सचेत नहीं हो पा रहे हैं जितना वास्तव में होना चाहिए। ऐसे में जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में कक्षा दसवीं के छात्रों के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विद्यालय काउंसेलर श्रीलेखा मेनन थीं जिनके व्याख्यान का मुख्य विषय था - दसवीं के छात्रों का पैरेंटिंग कैसे करें इन्होंने ऑडियो-वीडियो क्लिप और स्लाइड के जरिये बच्चों के मनोविज्ञान उनकी आदतों व स्वभाव से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। उस पर अपनी इच्छा या कमी को न थोपें। आगे उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की उचित देखभाल की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में छात्र-छात्राएँ अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं इसलिए




उनपर से निगाहें हटानी नहीं चाहिए। उनके भविष्य संवारने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का पूरा सहयोग भी महत्त्वपूर्ण होता है। अतः समय-समय पर विद्यालय आकर बच्चे के प्रोग्रेस की जानकारी लेते रहें। प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बच्चेअपना स्क्रीन टाइम को कम करें और पढ़ने के समय अभिभावक उनके पास बैठें। बच्चों को कोचिंग के भरोसे ना छोड़े और यह देखें कि बच्चों को सेल्फ स्टडी का कितना समय मिल पा रहा है। पाँच-छः घंटे की सेल्फ स्टडी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय की कार्यकम समन्वयिका श्रीमती सुष्मिता मिश्रा ने पूर्ववर्ती छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा की जिन छात्रों को उनके रुचि के अनुसार विषय को पढ़ने का अवसर प्रदान किया गया वे आज उच्च से उच्चतम शिखर पर विराजमान है। विद्यालय का एक बच्चा जो होटल मैनेजमेंट करना चाहता था उसके पिता ने यह कहकर उसे मना कर दिया कि तुम्हें वेटर बनना है परिणामतः वह कक्षा 11 वीं में फेल कर गया। साइंस पढ़ने के बाद पुनः उस बच्चे को आर्ट्स पढ़ने का अवसर दिया गया और वह आज प्रख्यात होटल मैनेजमेंट में डायरेक्टर है। माता-पिता का सहयोग और समर्थन बच्चे के भविष्य सुनिश्चित करती है अतःअभिभावक का यह दायित्व है कि वे बच्चों को समय दें और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे पल्लवित होने का अवसर प्रदान करें। दयानंद प्रेक्षागृह में उपस्थित अभिभावक अपने बेटे-बेटियों के भविष्य संवारने में शिक्षकों की भूमिका की प्रशंसा कर रहे थे। अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के सवार्गीण विकास के लिए कई उपाय भी सुझाए। उन्होंने माना कि बच्चों की तरक्की का रास्ता संवाद-सेतु से ही निकलेगा।

## NEWS IN Gallery


### दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित कर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित

**खूंटी :** सदर प्रखंड अंतर्गत तुतटोली गांव में मंगलवार को दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों से निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। दिव्यांग मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। इस दौरान सभी से जागरूक होकर मतदान करने के साथ ही अपने स्तर से और लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की गई। कहां गया कि चुनाव आयोग की ओर से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। आवश्यकता है कि अपने मताधिकार को समझते हुए आप आगे आएं। साथ ही अबकी बार 80 पार के नारे लगाए गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से नव विवाहिता की मौत

**रांची/कोडरमा :** जिले के जयनगर प्रखंड स्थित धनबाद गया रेलखंड के हीरोडीह पूर्वी कैबिन के समीप 18626 हटिया पटना पूर्णिया एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक नव विवाहिता की मौत हो गई। महिला की पहचान विकास कुमार यादव की पत्नी बबीता कुमारी (20) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व कोडरमा प्रखंड के ग्राम लोहासिकर में उसकी शादी हुई थी। रामनवमी पूजा में उक्त महिला अपने मायके रेभानाडीह निवासी रामदेव यादव के यहां गई थी। उक्त महिला अपनी मां और बहन के साथ हीरोडीह बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा करने जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गई,जिससे महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शव को महिला का ससुराल लोहासिकर ले गए।

### झारखंड हाई कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर जताया असंतोष




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमएलए-एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वत: संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी-एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस प्रस्तुत किया गया। सीबीआई ने बताया कि पिछले दो साल में एमएलए-एमपी के खिलाफ दर्ज किसी केस का निष्पादन नहीं हुआ है। कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। शपथ पत्र दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारी का पद कम से कम एसपी रैंक का होना जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल करते हुए बताएं कि राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और निचली अदालत में एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे ट्रायल को तेज करें। ट्रायल के दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि समय से उनकी गवाही हो सके और मामले का जल्द निष्पादन हो सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई निर्धारित करते हुए सीबीआई और ईडी से जबाव मांगा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआई को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि एमपी-एमएलए के खिलाफ निचली अदालत में जो केस चल रहे हैं, उसके ट्रायल में क्यों देरी हो रही है? इनके खिलाफ ट्रायल की वर्तमान स्थिति, कितने में ट्रायल पूरा हो गया ।

## जय श्रीराम का जयघोष करते निकली शोभायात्रा

**स्वदेश संवाददाता**

**चान्हो :** श्री रामनवमी शोभा यात्रा विश्व हिन्दु परिषद सह बजरंग दल के तत्वावधान में मंगलवार को विगत सात वर्षों की भांति ही भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. मांडर प्रखंड के ब्राम्बे चौक से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ राम भक्तो द्वारा राम दरबार की आरती से हुई. इसके बाद प्रारंभ हुई शोभायात्रा अपने तय रूट के अनुरूप रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग ब्राम्बे, मुड़मा, कंदरी , सोसई आश्रम, बिजूपाड़ा, चान्हो चौक, सोंस , मदरसा चौक स्टेशन होते हुए सोंस मेला ताड़ पहुंचकर संपन्न हुई. शोभायात्रा में सुसज्जित लाउडस्पीकर की धुन पर रामभक्त जय श्रीराम के जयघोष के साथ गंतव्य की ओर बढ़ते रहे. सुसज्जित रथ पर रहे राम दरबार के साथ ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, वीर बजरंगबली, शिवाजी



महाराज और भारतमाता के ध्वज व तस्वीर आकर्षण के केंद्र बने रहे. राम धुन में मगन चल रहे विशाल हुजूम में चान्हो-मांडर प्रखंडों से सनातन प्रेमी शामिल रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में अभाविप के सैकड़ों, कार्यकर्ता की बेहतर सहभागिता रही। ज्ञात हो कि कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिन्दु परिषद सह बजरंग के सैकड़ों कार्यकर्ता की बेहतर सहभागिता रही. ज्ञात हो कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बीते कई दिनों से प्रचार- प्रसार और चौक चौराहा को सजाने का काम किया जा रहा था. हनुमान पताकों और जय श्रीराम के जयघोष बीच बढ़ती शोभायात्रा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती रही. जगह-जगह शोभायात्रा पर चना ,गुड, शरबत का वितरण किया जा रहा था ।मोके पर प्रवीण रॉय ,बजरंग सिंह, रामबालक ठाकुर, खदी उरांव, बाबू पाठक,अजित सिंह, सरजू साहू राज कुमार सिंह, बैजनाथ महतो, तपेश्वर सिंह, नवल तिवारी, प्रवीन सिंह, सहित सेकड़ो की संख्या राम भवतो मौजूद थे।

## वीडियोग्राफर और फोटोग्राफरों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**स्वदेश संवाददाता**

**खूंटी :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में बिरसा कालेज, खूंटी परिसर में विभिन्न टीम में शामिल वीडियो ग्राफर, फोटोग्राफर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर विष्णुनंद तिवारी और श्रवण बारला ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। लोकसभा चुनाव 2024 में खूंटी संसदीय क्षेत्र के अधीन 40 वीडियोग्राफर, फोटोग्राफर, वेबकास्टिंग, फ्लाइंग इस्क्वाड टीम, सर्विलांस टीम में लगे कर्मियों को मंगलवार को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।
उन्हें बूथ, एफएसटी, एसएसटी, वेबकास्टिंग टीम को कैसेऔर कहां रिकार्ड करना है, इसकी जानकारी दी गई।बताया गया कि उनके द्वारा की गयी वीडियोग्राफी अओैर फोटोग्राफी को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियो ग्राफी को साक्ष्य के रूप दर्ज करने के क्रम में नाम, प्रकार, तारीख, स्थान और घटना का संचालन करने वाली पार्टी एवं अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली में रिकार्ड करने की जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि वे किसी भी टीम में रहें, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के दौरान किसी भी राजनीतिक दल की सभा में लगने वाले वाहन, फर्नीचर, बैनर, कट आउट सहित स्वर प्रणाली संवर्धन का भी साक्ष्य के रूप में रिकार्ड करने का दायित्व रहेगा।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, दिये निर्देश

**स्वदेश संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। इवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उपायुक्त ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र



सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश डीसी ने दिया। अनुमंडल पदाधिकारी,खूंटी अनिकेत सचान, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### वज्र गृह को खोला गया

इवीएम के प्रथम दौर के रेंडमाइजेशन के पश्चात लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए विधान सभावार बीयू, सीयू और वीवीपैट को अलग-अलग रखने के लिए मंगलवार को हॉल और व्रज गृह को खोला गया।

## नौ दिवसीय राम कथा पाठ कार्यक्रम में कांग्रेस नेता हुए शामिल

**स्वदेश संवाददाता**

**सिल्ली :** रामनवमी पर नौ दिवसीय जोन्हा में आयोजित राम कथा पाठ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु जी के साथ में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सोशल मिडिया के देवाशिष दत्ता, सदानंद सोनार एवं जोन्हा वासीगण व



आयोजन कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे। साथ ही आयोजन कमिटी द्वारा दिनेश प्रसाद साहु जी को संरक्षक बनाया गया। दिनेश साहु जी ने आयोजन कमिटी के सभी सदस्य गण का आभार जताया।

## रामायण के रंग में रंगे बच्चे, राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की दिखी झलक

**स्वदेश संवाददाता**

**रामगढ़ :** अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला रामनवमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। लोगों में इस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह है। नवमी से एक दिन पहले रामगढ़ शहर के हेलो किड्स रॉबिन हुड विद्यालय में रामायण के वे सारे किरदार दिखे। राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और यहां तक कि रावण की भी झलक दिखाई दी। विद्यालय में अलग-अलग किरदार में डूबे बच्चे रामायण का पाठ करते दिखाई दिए। यहां बच्चों को रामायण के उन किरदारों के बारे में बताया गया जो हमारे समाज के आदर्श हैं। भगवान राम कहां पैदा हुए? माता सीता का जन्म कहां हुआ था? हनुमान जी ने



अपने जीवन में कौन सी लीलाएं की? लक्ष्मण ने अपने भाई के प्रति आस्था रखी। इन सारी बातों को बच्चों ने आत्मसात किया। बच्चों को रामायण के कुछ क्लिप भी दिखाए गए, ताकि उनके मानस पटल पर उनकी छवि बनी रहे। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों को संस्कृत के बारे में भी बताया जाना चाहिए। कौन सा पर्व किस लिए मनाया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। अगर बच्चे अभी से सीखेंगे तो बड़े होकर वे एक संस्कारी परिवार का हिस्सा बनेंगे। आज उनमें भरा गया संस्कार हमारे देश का भविष्य तय करेगा।

### राजेश कोड़ा की जमानत याचिका पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची :** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। इससे पूर्व भी छह अप्रैल को मामले में सुनवाई हुई थी। इस दौरान भी जवाब दाखिल करने के लिए अदालत की ओर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को समय दिया गया था।


**सावधानी जरूरी** | रामनवमी शोभायात्रा को लेकर दोपहर दो बजे से नहीं रहेगी बिजली

# 200 बिजलीकर्मी करेंगे झंडों की निगरानी

- रामनवमी पर रांची में नहीं बिकेगी शराब, आदेश जारी

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** रामनवमी शोभायात्रा को लेकर रांची शहर में बुधवार दोपहर दो बजे से बिजली बंद रहेगी। जबकि अन्य इलाकों में शोभायात्रा के प्रारंभ होते ही सभी सब स्टेशन-फीडरों से बिजली बंद कर दी जाएगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा ऐसा सुरक्षात्मक कारणों से किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान बिजली संबंधी किसी प्रकार की शिकायत व आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए रांची विद्युत एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव के द्वारा सभी डिविजन के बिजली कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। पूरे शहर में जिला प्रशासन के साथ आपसी



तालमेल व निर्देश के आधार पर बिजली बंद रखे जाने की योजना है। जिन निर्धारित इलाकों से शोभायात्रा गुजरेगी या वापस होगी, उन इलाकों में रात 11 या 12 बजे तक बिजली बंद रहने की संभावना है। इसके अलावा विभाग की तरफ से छह विद्युत प्रमंडल के 18 सब डिविजन अंतर्गत करीब 200 बिजली कर्मियों की तैनाती फिल्ड में की जाएगी, जो शोभायात्रा के प्रस्थान व वापसी सहित झंडों की उंचाईयों की निगरानी करेंगे। रामनवमी को लेकर बुधवार को रांची में ड्रा डे घोषित किया गया है। बुधवार को रांची में शराब की दुकानें बंद रहेगी। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बुधवार को जिला में सभी प्रकार के खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित थोक बिक्री परिसर (जेएसबीसीएल), सभी देशी,विदेशी शराब के विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बंद रहेंगे तथा किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा। निरीक्षक उत्पाद, सभी अवर निरीक्षक उत्पाद एवं मानव प्रदाता कंपनी को अपने-अपने क्षेत्र, अंचल स्थित सभी खुदरा उत्पाद दुकानों को सीलबंद सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है. साथ ही डोरंडा, हिनू, धुर्वा, हिंदपीढ़ी, सुखदेवनगर, बरियातु, कोकर जतराटांड़ थाना क्षेत्र में कड़ी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुये सघन गश्ती एवं छापामारी करने का भी निर्देश दिया है, ताकि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो।

### रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## बुढ़मू में मेला का होगा आयोजन

**स्वदेश संवाददाता**

**बुढ़मू :** रामनवमी पर्व शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक बुढ़मू थाना परिसर में बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि रामनवमी के दिन उमेडंडा में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है. मेला में 84 मौजा के 105 अखाड़ा के रामभक्त जुलूस के रुप में गाजा बाजा के साथ मेला में शामिल होते है और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते है. उपप्रमुख हरदेव साहु ने बताया कि रामनवमी में बुढ़मू में मेला का आयोजन किया जाता है और मेला में आसपास के गांव के अखाड़ा के लोग शामिल होते है और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते है. बुढ़मू बीडीओ ने कहा कि कहीं पर कोई दिक्कत होता है तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। साथ ही कहा कि जुलूस तय रुट चार्ट में ही निकाले। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन से मांग किया कि धार्मिक आयोजन के



दौरान महिला पुलिस बल, चिकित्सक दल और पेयजल की व्यवस्था हो, चौराहों में आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग लगाए। और पुलिस गस्ती दल क्षेत्र में सक्रिय रहे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा की व्यवस्था करें। कहीं भी शांति भंग होने की संभावना हो तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। साथ ही खुद भी स्थिति पर नजर रखे. बैठक का संचालन जाकिर हुसैन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार ने किया। मौके पर बैठक में मनोज कुमार साहू, चकमे मुखिया रामवृत मुंडा, ईदू खान, गोवर्धन लोहरा, पनेश्वर महतो, अख्तर अंसारी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित शांति समिति के सदस्य लोग मौजूद थे।

NEWS IN Gallery

### थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की



**पत्थलगड़ा/स्वदेश संवाददाता :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विकास पांडे के निर्देश पर थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में रामनवमी को लेकर किया गया फ्लैग मार्च थाना से बरवाडीह सुभाष चौक पत्थलगड़ा गांधी चौक,सिंघानी आदि कई चौक चौराहों से होकर थाना में समाप्त हुआ थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि रामनवमी को देखते हुए प्रखंड प्रशासन अलर्ट है सरकार के गाइडलाइन को पालन करें उपद्रवियों पर पैनी नजर रखा जाएगा सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट शेयर ना करें किसी तरह का अफवाह होने पर थाना को तुरंत सूचना दें रामनवमी शांतिपूर्ण माहौल में मनाए फ्लैग मार्च में अवर निरीक्षक अरविंद रविदास प्रहलाद पासवान, विजय कुमार किंडो सहीत पुलिस के जवान मौजूद थे

### भाजपा नेता ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, पार्टी ने पद से हटाया

**पलामू :** भाजपा के मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने नाबालिक से दुष्कर्म किया। नाबालिक लड़की महुआ चुनकर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और फिर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाएं। साथ ही परिवार को मामले उजागर नहीं करने की चेतावनी दी। हालांकि इसके बाद भी पीड़िता और उसके माता-पिता ने मनातू थाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गांव स्तर पर बैठ कर मामले को रफा दफा करने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि घटना के बाद से आरोपी मंडल अध्यक्ष फरार चल रहा है। घटना 2 दिन पहले की है। मंगलवार को पीड़िता की मेडिकल जांच एमआरएमसीएच में कराई गई। बताया जाता है कि पीड़ित नाबालिग मनातू के इलाके में ननिहाल में रहा करती है। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गई थी, घर वापस लौटने के क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उसे झांसे में लिया। बताया कि उसकी मां उसे मिलने के लिए बुलाई है। आरोपी की मां से मिलने के लिए नाबालिग लड़की उसके साथ उसके घर चली गयी। इस दौरान मौका पाकर भाजपा नेता ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि शुरूआत में मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई थी और पीड़िता को थाना जाने से मना किया गया। लेकिन बाद में पीड़िता थाना गई थी, जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है।

# पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, उपद्रवियों से निपटने की है फुलप्रूफ तैयारी

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पलामू जिला प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है। जुलूस के रूट पर नजर रखने के साथ-साथ उपद्रवियों से भी निपटने की तैयारी की गई है। इस कड़ी में अपनी तैयारी को परखने के लिए पलामू पुलिस प्रशासन ने पुलिस लाइन स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया। पुलिस के ही जवान उपद्रवी बनकर सामने आए और उनसे निपटने के लिए पुलिस जवान और पदाधिकारियों ने हर तैयारी को जांची। पुलिसकर्मियों ने टियर गैस छोड़ने, लाठी चार्ज की, आपाता स्थिति में भीड़ को रोकने के लिए फायरिंग की, फायर ब्रिगेड ने वाटर कैनन से स्थिति से निपटने की अपनी तैयारी को अंतिम रूप दिया। एंबुलेंस से घायल उपद्रवियों को अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। जिले के सभी प्रखंडों में रामनवमी पर्व के मद्देनजर शोभायात्रा जुलूस निकाला जाता है। ऐसे में पुलिस की कोशिश है कि हर स्तर पर तैयारी पूरी रहे। किसी एरिया में अगर उपद्रवियों की हरकत सामने आती है तो पुलिस तत्काल उनसे निपट सके। जिले के एसपी रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि पलामू पुलिस ने मॉक ड्रिल अभ्यास किया। जिले भर में विभिन्न स्थानों से रामनवमी पर शोभा यात्रा जुलूस निकाला जाता है। सुरक्षा और एहतियातन पुलिस भी पूरी तरह से तैयार है। इसी के मद्देनजर उनके निदेर्शानुसार पुलिस लाइन परिचारी प्रवर के नेतृत्व में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान दंगा रोधी उपकरणों की जांच और अभ्यास भी किया गया। इसी के साथ आसू गैस के गोले और वाटर कैनन का अभ्यास किया गया। एसपी ने कहा कि उनकी हर स्तर पर तैयारी पूरी है। रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

### रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**इटखोरी :** प्रखंड में रामनवमी महापर्व को लेकर मंगलवार को पुलिस इंस्पेक्टर मंजू कुमारी व थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था मे अपनी दायित्वों का एहसास दिलाया है। फ्लैग मार्च इटखोरी थाना परिसर से शुरू होकर इटखोरी बाजार मिडिल स्कूल दुर्गा मंडप परिसर होते हुए जयप्रकाश नगर व मुख्य मार्ग मे निकाली गई। इस दरम्यान विभिन्न चौक चौराहों के साथ-साथ गांव व मुहल्ले का भ्रमण करते हुए वापस थाना लौटी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे पुलिस इंस्पेक्टर मंजू कुमारी ने कहा कि आम जनों से मिलकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी महापर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा पुलिस रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द वातावरण में मनाए।

# रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च दर्जनों घरों को थमाया गया नोटिस

- सड़क पर उतरे डीसी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ और सीआरपीएफ के जवान

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** रामनवमी त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। शहर की हर गलियों को भगवा रंग से पाट दिया गया है। इस त्योहार में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन भी काफी एहतियात बरत रहा है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ सड़क पर उतरे। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक, कोयरी टोला, गोलपार्क, पुरनी मंडप, बुढ़वा महादेव, नई सराय बस्ती, मनुवा, फुलसराय, सिरका, अरगड्डा सभी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी उपद्रवियों की चलने वाली नहीं है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। हर जगह दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सौदागर मोहल्ला, गोलपार्क, पूरनी मंडप शहर के संवेदनशील इलाकों में शामिल हैं। उन स्थानों पर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा में शामिल रहेंगे।

### सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस छत पर रखे ईंट-पत्थर हटा लें

एक तरफ पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ रामगढ़ थाना प्रभारी ने सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस थमा दिया। नोटिस में साफ शब्दों में लिखा गया है कि जिनके घर के छतों पर ईंट पत्थर व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखी गई है, तो वह तत्काल वहां से हटा लें। ड्रोन कैमरे की नजर में अगर आपत्तिजनक वस्तुएं आती हैं तो तत्काल उस घर के मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिस रास्ते पर जुलूस निकालने वाला है, उस रास्ते के हर घर को यह नोटिस मिला है।

### हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु किया गया मॉक ड्रिल

रामनवमी त्योहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल का संचालन डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ट्रेनिंग डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया।

## जमशेदपुर में हाइवा चालक हत्याकांड में सात गिरफ्तार, हथियार बरामद



स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** पुलिस ने हाइवा चालक हत्याकांड में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, राहुल राय, अभिषेक साह, रौनक शर्मा और आशीष बर्मन हैं। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक ऑटो, तीन पिस्टल, 3 देसी कट्टा, 11 राउंड जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन बरामद हुई हैं। यह जानकारी मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता में दी। एसएसपी ने बताया कि 14 अप्रैल को उलीडीह थाना अंतर्गत वसुंधरा एस्टेट के समीप हुए चालक सन्नी यादव हत्याकांड में सातों शामिल थे। घटना के बाद सिटी एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने सबसे पहले अभिषेक शाह और रोहित शर्मा को घाटशिला से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर बिरसानगर के हुरलुंग स्थित एक भट्ठे से बाकी पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शहर में हुए प्रदीप और राजा हत्याकांड मामले में इन्हें शक था कि सन्नी यादव ने उनकी हत्या करवाई थी। उसी का बदला लेने के उद्देश्य से सातों ने मिलकर सन्नी यादव की हत्या कर डाली। सभी ने अपने अपराध स्वीकार कर लिये हैं।

# जेल जाने के बाद राजद के पूर्व प्रवक्ता की और बढ़ी मुश्किलें

- श्रम मंत्री ने भी लगाया फर्जीवाड़े का आरोप



**चतरा :** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के नाम पर भीड़ को उकसाकर अधिकारियों और जवानों से बदसलूकी कराने के आरोप में जेल गए राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही। प्रतापपुर पुलिस द्वारा आचार संहिता उलंघन व सरकारी कार्य मे बाधा समेत अन्य मामलों में गिरफ्तारी के बाद सूबे के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सह उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सुबोध पासवान पर कई संगीन आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मंत्री सत्यानंद ने कहा है कि सुबोध पासवान खुद को राजद का प्रदेश प्रवक्ता बताकर सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर दर्जनों युवकों से लाखों रुपए की अवैध वसूली कर चुका है। इतना ही नहीं सुबोध पासवान का नक्सलियों और क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों से गहरा साठगांठ होने का भी आरोप मंत्री ने लगाया है। उन्होंने कहा है कि जब लोग पैसे का तगादा करते हैं तो सुबोध बाउंसर का सहारा लेकर उन्हें डराता धमकाता है। मंत्री ने कहा है कि इस मामले में जल्द ही डीजीपी से मिलकर सुबोध पासवान के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच करते हुए कार्रवाई की मांग करेंगे। चतरा से राजद के इकलौते विधायक सह चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि जेल जाने वाला पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान राजद में ना कभी था और ना है। वह एक अपराधी प्रवृति का इंसान है। सुबोध पासवान फर्जी बाउंसर रखकर सीसीएल में नौकरी लगाने के नाम पर सैकड़ो युवक-युवतियों से करोड़ो रुपए का ठगी किया है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सभी जिलेवासियो से अपील की है की सुबोध पासवान के झांसे में नहीं आए। उन्होंने कहा है कि खुद को प्रवक्ता बताने वाले सुबोध के पास आय का कोई श्रोत नहीं है। उसका नक्सलियों के साथ-साथ अपराधियों से गहरा साठगांठ है। उन्होंने कहा है कि नटवरलाल के तर्ज पर कभी फर्जी दरोगा, कभी डीएसपी तो कभी इंजीनियर बनकर ठगी करने वाले सुबोध पासवान के सम्पति का प्रशासन जांच करें।

## अदाणी फाउंडेशन के कार्यों की जिला प्रशासन ने की सराहना



स्वदेश संवाददाता

**गोड्डा :** गोड्डा जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षा के क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिला टुडू के हाथों यह प्रशस्ति पत्र अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी संतोष सिंह ने प्राप्त किया। फाउंडेशन ने जिले के 8 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, बसंतराय में ज्ञानोदय कार्यक्रम के लिए संसाधन उपलब्ध कराए हैं। इन संसाधनों के माध्यम से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में काफी मदद मिल रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि अदाणी फाउंडेशन ने 6 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रसोईघर का निर्माण कराया है। इसके अलावा, 6 विद्यालयों में डाइनिंग टेबल और रोटीमेकर भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिला टुडू ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन की भागीदारी और सहयोग ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के योगदान ने इन युवा छात्राओं के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अदाणी फाउंडेशन का उनके शानदार कार्यों और निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में अदाणी फाउंडेशन के साथ और अधिक सहयोग करने की उम्मीद करता है।

## लोस प्रत्याशी कालीचरण सिंह व सिमरिया विधायक किशुन दास महायज्ञ में हुए शामिल

स्वदेश संवाददाता



**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के बेलहर में आयोजित नौ दिवसीय श्री नारायण सह भगवान भास्कर एंव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास भाग लिए, मंगलवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह बेलहर के जैजला धाम में पहुंचकर यहां प्रतिष्ठित भगवान भास्कर व हनुमान मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की शांति व खुशहाली की कामना की, यज्ञ मंडप की परिक्रमा की है अन्य अनुष्ठान में भाग लिए, उन्होंने कहा कि यज्ञ व अनुष्ठान से पर्यावरण के साथ-साथ मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है , वहीं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह कथा प्रवचन में भी भाग लिए व कुछ देर बैठकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया, इस दौरान वे लोगों से मुलाकात किया।

### धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल, मांदर की थाप पर थिरके लोग

## हमारी समृद्धि, संस्कृति, एकता और प्रकृति से जुड़ा है सरहुल : छोटेलाल

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** आदिवासी छात्र संघ रामगढ़ जिला समिति के तत्वाधान में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन शहर के सुभाष चौक पर किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा व संचालन संजय करमाली, पंचम करमाली और सुमंत महली ने संयुक्त रूप से किया। ढोल-नगाड़े की थाप पर आदिवासी प्रकृति पर्व पर झूमते, नाचते-गाते नजर आए। जुलुस में शामिल हर उम्र के लोग पारंपरिक वेशभूषा में दिखे। महिलाएं व पुरुष कंधा से कंधा जोड़कर आकर्षक गीत और नृत्य के साथ झूमते रहे। जुलुस में झांकी के माध्यम से अपने जनजातीय पहचान को दिखाने की कोशिश की गई। केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली ने कहा कि सरहुल पर्व हमारी समृद्धि, संस्कृति, एकता और प्रकृति से जुड़ा हैं। आदिवासी संस्कृति का जन्म और विकास प्राकृतिक के गोद में हुआ है। इसलिए आदिवासियों के पर्व एवं पूजापाठ प्रकृति से जुड़े हुए हैं।

**सम्मान** | प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को रामनवमी महासमिति ने किया सम्मानित

# शस्त्र प्रदर्शन में 40 टीमों को रामगढ़ के खिलाड़ियों ने किया परास्त

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** रामनवमी का मौका हो और शस्त्र प्रदर्शन की बात ना हो ऐसा हो ही नहीं सकता। रामगढ़ में एक से एक खिलाड़ी है, जो शस्त्रों के साथ खेलते हैं। रामगढ़ की टीम रांची में आयोजित शस्त्र प्रदर्शन कार्यक्रम में अव्वल रही। यहां के खिलाड़ियों ने पूरे अलग-अलग जिलों से आई 40 टीमों को परास्त कर दिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले इस टीम को रामनवमी पूजा महासमिति के पदाधिकारी ने मंगलवार की शाम सम्मानित किया। श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में श्री श्री पवनपुत्र रामनवमी समिति मेन रोड रामगढ़ के अध्यक्ष सहित कमेटी के रामभक्तों को शस्त्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान एवं अमरदीप क्लब रामगढ़ को कला में प्रथम स्थान के साथ अमरदीप क्लब के हीं छह वर्षीय तेजस को शस्त्र प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम स्थान मिला । जीत की खुशी में सभी खिलाड़ियों को श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अगुआई में महासमिति के पदाधिकारियों ने रामगढ़ बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दो अलग अलग कार्यक्रमों के तहत सम्मानित किया। मौके पर संरक्षक राजेश ठाकुर, संरक्षक सह मुखिया संजीत सिंह उर्फ छोटू सिंह, महासचिव तुलेश्वर पासवान, संतोष नायक, उपाध्यक्ष विशाल जयसवाल, कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी मनोज सिंह, मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी, सचिव सचिन चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। पदाधिकारियों द्वारा रांची से प्रथम स्थान का मोमेंटो जीत कर आए सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए श्रीराम का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर भगवान श्रीराम जी की मूर्ति के साथ तलवार देकर सम्मानित किया। दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने आज रामगढ़ का नाम रौशन किया है। महासमिति विभिन्न अखाड़ों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करे।

# देवी ने संधि काल में राक्षस चंड और मुंड का वध किया था : बिरजु तिवारी

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** भद्रकाली मंदिर में चैती नवरात्रा को लेकर महा अष्टमी की बलि मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से दी गई । महाअष्टमी की बलि पूरे विधि विधान के साथ शनिवार की रात्रि 4 : 17 पर संधि बलि दी गई । इस मौके पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रा में झारखंड व बिहार से श्रद्धालु द्वारा कलश स्थापना की जाती है और महा अष्टमी के दिन नियमित समय पर संधि बलि दी जाती है ।संधि बलि में जिले के उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी सीता राम सिंह नागेश्वर यादव समेत अन्य सदस्यों ने दी ।नवमी के मौके पर हवन पूजन व माता भद्रकाली के पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी । इस मौके पर जीप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी ने संधि बलि के महत्व को बताते हुए कहा कि संधि पूजा दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व आमतौर पर पश्चिम बंगाल में मनाया जाता है। संधि पूजा अष्टमी के खत्म होने और नवमी के शुरू होने पर की जाती है। भक्त इस दिन देवी चामुंडा के स्वरूप की पूजा करते हैं। पौराणिक कथाओं और मान्यताओं अनुसार, देवी ने संधि काल में राक्षस चंड और मुंड का वध किया था। तभी से देवी भक्तों ने इसे पर्व के रूप में मनाना शुरू कर दिया। संधि पूजा उस समय को चिह्नित करती है, जब अष्टमी तिथि नवमी तिथि बन जाती है। यह नवरात्रि पूजा का एक अहम भाग है। साथ ही यह पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लोगों का मानना ??है कि इस दौरान देवी की शक्ति अपने चरम पर होती है। यह देवी चामुंडा द्वारा चंदा और मुंडा को पराजित करने की कहानी से भी जुड़ा हुआ है।

NEWS IN Gallery

### गिरिडीह में वाहन से 9.95 लाख रुपये और 29 किलो गांजा जब्त



**गिरिडीह :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर रात सरिया थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और एक वाहन से 9 लाख 95 हजार बरामद किये। जबकि जिले में 29 किलो गांजा बरामद किया गया। बताया जाता है कि जब्त गांजा की कीमत बाजार मूल्य करीब डेढ़ करोड़ का आंका गया है। वहीं, 1300 लीटर अवैध शराब के स्टॉक को भी जब्त किया गया है। जब्त 9 लाख 95 हजार रुपए को सरिया थाना पुलिस ने बगोदर से सरिया आ रहे शक्ति प्रकाश के बाइक से जब्त किया है। पुलिस अब शक्ति प्रकाश से पूछताछ कर रही है। उसके पास इतने पैसे कहा से आए और वो किस काम के लिए इतने कैसे लेकर जा रहा था। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू के बाद से अबतक गिरिडीह में एक करोड़ 77 लाख 33 हजार 340 रुपये जब्त किये गये हैं।

### लंबे संघर्षों के बाद मिला न्याय, पुलिस बल ने खाली करवाया मकान



**बोकारो :** चास स्थित वाई पास रोड वैशाली मार्केट मे अशोक कुमार सिंह नामक व्यक्ति के मकान में किराएदार के रूप में अब्दुल वहाब जो की एक रूम लेकर टेलरिंग का काम करते थे, जो कि लवली ट्रेलर नाम से दुकान चला रहे थे। लेकिन उन्होंने अचानक मकान भाड़ा देना बंद कर दिया। जो कि लगभग बहुत दिनों तक मकान भाड़ा न देने पर मकान मालिक अशोक कुमार सिंह ने कानूनी प्रक्रिया अपनाई और न्यायालय में एक केस दाखिल कर दिया। यह कैसे लगभग 23 वर्षो तक चला आखिरकार मकान मालिक अशोक कुमार सिंह की जीत हुई वहीं कोर्ट के आदेशानुसार अशोक कुमार सिंह के साथ पुलिस बल आकर कब्जा किए हुए अब्दुल वहाब के कब्जे से मकान छुड़वाकर उन्हें सौंप दिया। उनके दुकान को तुरंत खाली करवाया वही अशोक कुमार सिंह के भतीजे ने मौके पर कहा कि इस मार्केट में लगभग हमारी और कुछ दुकानें हैं जिसमें किरायेदार इसी तरह से काबीज किए हुए हैं जिसका केस अदालत में चल रहा है और हमें भारत के न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है की जीत न्याय की होगी और जल्द से जल्द हमें काबिज किए हुए किराएदारों से छुटकारा मिलेगा।

रामनवमी पर महावीरी झंडे से पटा गिरिडीह

# राम भक्तों में उत्साह, सुरक्षा के विशेष इंतजाम

स्वदेश संवाददाता

**गिरिडीह :** जिले में रामनवमी को लेकर शहरी और ग्रामीण इलाके महावीरी झंडा से पट गये हैं। जगह-जगह पर पूजा की तैयारी पूरी हो चुकी है। रामभक्तों में रामनवमी को लेकर उत्साह है। विभिन्न मंदिरों में भव्य तैयारी की गयी है। पूरे बाजारों में केसरिया झंडे ही दिखाई दे रहा है। बड़े झंडों को खरीदने के लिए बाजार में चहल-पहल है। रामनवमी के मौके पर निकालने वाली झांकियां और अखाड़ा में भीड़ नियंत्रण करने की भी पूरी व्यवस्था पूजा समितियों ने की है। इधर, रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। अखाड़ा और जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसे लेकर शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों पर विभिन्न संगठन स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉल पर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल व शरबत की व्यवस्था की जायेगी। शहरी क्षेत्र में पुलिस ने 41 प्वांइट को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील के रूप में चिह्नित किया है। यहां पर पुलिस की विशेष टीम को तैनात रहेगी। इसके अलावा शहर के पदम चौक और बड़ा चौक में तीन वॉच टावर बनाये गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी व ड्रोन कैमरे से पूरे इलाके में नजर रखी जायेगी। पूरे शहरी क्षेत्र में लाइटिंग की व्यवस्था दुरूस्त करायी गयी है। गिरिडीह में रामनवमी का काफी इतिहास 145 साल से भी अधिक पुराना है। यहां की झांकी और अखाड़ा देखने के लिए ना सिर्फ गिरिडीह शहरी क्षेत्र बल्कि अलग-अलग प्रखंडों व दूसरे शहरों से लोग पहुंचते हैं। पूर्व में पहले जहां ढाक के साथ जुलूस निकलता था, बाद में ढाक का स्थान ताशा पार्टी ने लिया और अब डीजे रामनवमी की पहचान बन गयी है। रामनवमी से यहां के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। यही कारण है कि दूसरे प्रदेश में रहने वाले लोग रामनवमी के मौके पर गिरिडीह पहुंचते हैं। प्राचीन कुटिया मंदिर का इतिहास काफी गौरवशाली है। राज्य का यह पहला मंदिर है,जहां हनुमान जी की दो मंदिर है। नागा साधुओं ने पहाड़ के नीचे एक मंदिर बननाया. मंदिर बनने के बाद लोगों ने इंजीनियर व पहलवानों को बुलाकर हनुमान जी की प्रतिमा को उठा कर मंदिर निर्माण करने का प्रयास किया लेकिन हनुमान जी की प्रतिमा को कोई हिला तक नहीं सका। इसके बाद लोग पहाड़ के नीचे स्थित कुटिया में जाकर हनुमान की का दर्शन करते थे। बाद में नीचे में भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। इसके बाद ऊपर में एक और नया हनुमान मंदिर बना। पूरे झारखंड में यह पहला हनुमान जी का मंदिर है, जहां हनुमान जी की दो-दो प्रतिमाएं हैं। जिले में रामनवमी के मौके पर अरवाडा जुलूस अहले सुबह एवं शाम में निकाली जाती है। परम्परा के अनुसार जिला मुख्यालय के आस पास क्षेत्रो से 50 से अधिक अखाडा जुलूस महाबीरी झंडों के साथ निकाली जाती है। जिसका समागम मुख्य बड़ा चौक में होता है। बड़ा चौक पर विश्व हिन्दुपरिषद -बजरंग दल द्वारा अखाडा उस्तादो एवं गण्य माण्या लोगों को सम्मानित किया जाता है। इस दौरान ऐतिहसिक , सामाजिक एवं धार्मिक कथाओं पर आधारित आकर्षक झांकिया निकाली जाती है। लोग इस बार की रामनवमी को लेकर काफी उत्सुक हैं । इस बीच उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व मनाये जाने को लेकर बुधवार को संयुक्त आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जुलूसों में लाउडस्पीकर, डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारकों का इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। संयुक्त आदेश में स्पष्ट है कि अखाड़ा, जुलूस एवं अन्य आयोजनों में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाय।रात दस बजे सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारकों का प्रयोग नहीं किया जाय।



#### मकतपुर बजरंग सेवा समिति 80 वर्षों से निकाल रही झांकी

मकतपुर बजरंग सेवा समिति 80 वर्षों से झांकी निकाल रही है। एक तरफ रामभक्त अस्त्र-शस्त्र के साथ प्रदर्शन करते दिखते हैं, वहीं दूसरी तरफ के मकतपुर बजरंग सेवा समिति की झांकी को देखने के लिए लोग शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में जमा होते हैं। झांकी देखने के लिए सभी धर्म के लोगों का जुटान होता है। समिति समेत जिला मुख्यालय के तीन दर्जन से अधिक अखाड़ा समितियों के साथ झांकी और अखाड़ा लेकर निकलती है।

#### काफी आकर्षक और भव्य होंगी झांकियां

समिति के लाइसेंसी दीपक शर्मा ने बताया कि 80 वर्ष पूर्व मकतपुर के मदन लाल शर्मा ने इसकी शुरूआत की थी। इसके बाद समिति में मुहल्ले के कई युवाओं ने योगदान देना शुरू किया, जो अब इस पंरपरागत विरासत को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। रामनवमी के मौके पर इस बार अलग से बग्घी मंगायी गयी है, इस बार की झांकी काफी आकर्षक और भव्य रहेगी।

## कल्पना सोरेन ने की गिरिडीह छोटकी दुर्गा मंदिर में पूजा



स्वदेश संवाददाता

**गिरिडीह :** गांडेय उपचुनाव की इंडी गठबंधन की उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने छोटकी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। नवरात्र के अष्टमी पूजन के दिन मंगलवार को मां दुर्गे के अष्टम स्वरूप की पूजा धूमधाम से की गयी। गांडेय विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शहर के गांधी चौक के छोटकी दुर्गा मंडप पहुंचीं। यहां कल्पना सोरेन ने मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ ही पूजा-अर्चना की। मां को चुनरी अर्पित किया और भोग लगाया। इसके बाद कल्पना सोरेन शहर के बड़ा चौक पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं। उन्होंने यहां संकट मोचन हनुमान मंदिर में पुजारी ने मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और जेएमएम नेता अभय सिंह, राकेश सिंह रॉकी और गौरव कुमार भी मौजूद थे।

### गंगा-जमुनी तहजीब कायम-मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी ने किया रामनवमी जुलूस का स्वागत

**पलामू :** पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए एवं गंगा-जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी मेदिनीनगर ने मंगलवार को रामनवमी जुलूस का स्वागत करते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में मुहर्रम कमिटी के लोगों ने श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को स्वागत करने के बाद उन्हें सम्मानित किया। मेदिनीनगर में हर वर्ष रामनवमी के मौके पर मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के द्वारा, जबकि मुहर्रम के मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के द्वारा एक दूसरे को सम्मानित करने की परंपरा रही है।

## विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** रामनवमी समेत दंगा या अन्य विषम परिस्थिति से निपटने के लिए सोमवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान किस तरह से भीड़ को नियंत्रित किया जाता है, जरूरत के अनुसार भीड़ को तीतर भीतर करने के लिए कई तरह के उपयोग किए जाते हैं उपद्रवियों से निपटने के लिए कैनाल पानी से बौछार भी मर जाता है, आज के मॉकड्रिल में सभी को सार्जेंट मेजर के नेतृत्व में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया था। मौके पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे, हालांकि एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बोकारो एसपी के निर्देश पर रामनवमी में या फिर किसी भी प्रकार के उपद्रव से निपटने को लेकर मॉकड्रिल किया जा रहा है। ताकि जवानों के द्वारा किसी भी परिस्थिति में उपद्रवियों से निपटने के तैयार रहते हैं, बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा एक क्विक रिस्पांस टीम भी बनाया गया है, जिले के सभी डीएसपी के साथ क्यूआरटी रहेगी तो आवश्यकता पड़ने पर मूव करेगी।

## 500 साल के लम्बे संघर्ष के बाद अयोध्या में विराजमान हुए रामलला : अमर बाउरी

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर-5 स्थित एन आई पी एम सभागार में शक्ति केंद्र की बैठक आहूत की गई, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष(झारखंड) अमर कुमार बाउरी भारत माता वन्दे मातरम् जय श्री राम का उदघोष कर पूरे सभा स्थल को गुंजायमान कर दिया। सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए 400 पार का जो नारा है उसके लिए हम यहाँ एकत्रित हुए है मोदी जी के गारंटी के साथ अपने झारखंड के 14 में 14 सीट प्राप्त करने के लिए आज हम संकल्प लेते है। उन्होने कहा कि 500 साल के लम्बे संघर्ष तपस्या और बलिदान के बाद टूटे फूटे टेंट से निकल कर राम लला अयोध्या में विराजमान हुए है हमे आशीर्वाद देने आ रहें है । इस बार की लड़ाई दो विचारधारा की लड़ाई है एक का लक्ष्य राष्ट्र है दूसरे का परिवार फर्स्ट है को समर्पित है मोदी जी भी अपने 140 करोड़ के परिवार को समर्पित है 18 घंटे कार्य करते है बिना किसी छुट्टी के काम कर रहे है एक तरफ लोग अपने बच्चों के लिए चिंतित है वही मोदी जी अपने माँ भारती के लिए समर्पित है इसी लिए आप सभी ने देखा होगा झारखंड में इंडी गठबंधन अपना प्रत्याशी देने में कितना घबरा रहा है झारखंड में झामुमो भाजपा के दबाव में आ कर चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाई है किसी भी दल के मुख्यमंत्री उसके स्टार प्रचारक होते है मगर झामुमो में मैडम कल्पना सोरेन वो ना तो विधायक है ना अध्यक्ष प्रचारक है कोहलान के टाइगर को उनहोने सर्कस का टाइगर बना दिया है । कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय त्यागी ने किया, इस बैठक में निवर्माण अध्यक्ष भरत यादव ,परिंदा सिंह ,वीरभद्र प्रसाद सिंह ,कुमार अमित ,आरती राणा ,दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय ,लीला देवी ,मुकेश राय, धीरज झा आदि मौजूद थे।



## सहायक अध्यापक अखिलेश के आकस्मिक निधन पर शोकसभा

**पलामू :** सहायक अध्यापक अखिलेश पटेल के आकस्मिक निधन पर चुनाव प्रशिक्षण में भाग लेने आये मतदान कर्मियों ने गिरिवर + 2 उच्च विद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया। प्रशिक्षण के उपरांत मतदानकर्मियों ने एक मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मतदान कर्मियों की यह मनोभावना है कि सरकार व प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके परिवार को सहयोग व आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। अखिलेश पटेल हहिरगंज के कटैया से 15 अप्रैल को चुनाव प्रशिक्षण में भाग लेने गिरिवर उच्च विद्यालय आने के क्रम में मेदिनीनगर के बाइपास रोड में ही अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आ गये थे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। मौके पर जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, सहायक सौरव सिन्हा व दिनेश चंद्र राम सहित सैकड़ों मतदानकर्मी मौजूद थे।

#### दिवंगत अध्यापक को दी गई श्रद्धांजलि

हरिहरगंज प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में मंगलवार को शोकसभा आयोजित कर दिवंगत सहायक अध्यापक अखिलेश पटेल को श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि शोकसभा में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने दिवंगत की आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, एसघ्एमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, अब्दुल कलाम, नवीन, राकेश, युगल, पंकज, विपुल रंजन, अर्चना, मीना, संतोष कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## भाजपा चास दक्षिणी के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जयदेव राय के निदेर्शानुसार भाजपा चास दक्षिणी के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। **महामंत्री -** संदीप कुंवर टुन्ना,मंडल मंत्री- रेखा श्रीवास्तव, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी - कृष्णा कुमार, मंडल आई टी सेल प्रभारी - सुमीत कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष - सिद्धार्थ जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री - अंकित जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री - एकजोत सिंह, अनुसूचित जाति अध्यक्ष - रामदेव बाउरी, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री - दिलीप बाउरी, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री - टारजन बाउरी इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में सभी पदाधिकारियों अपने अपने बुथो को मजबूत करने में लग जाए, ताकि लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भाडी मतों से विजई बनाए जाएं।



## तीन घर और दस एकड़ में लगी अरहर की फसल खाक

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर थाना अंतर्गत कबरा कला गांव के तीन घरों में मंगलवार को अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा अनाज, वस्त्र, पशु चारा समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिन लोगों के घरों में आग लगी उनमें राजेंद्र पाल, ललन पाल और पप्पू पाल का घर शामिल है। भुक्तभोगियों के मुताबिक आग लगने से करीब एक लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के मोकहर कला गांव के किसानों के 10 एकड़ में लगी अरहर की फसल में आग लग गई। आग लगने से पूरी फसल जलकर खाक हो गई है। किसानों के अनुसार उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मुखिया नवाजिश खान व जेएमएम नेता रामप्रवेश सिंह ने हैदरनगर बीडीओ सह सीओ विश्वप्रताप मालवा से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। भुक्तभोगियों ने घटना की सूचना हैदरनगर थाना को भी दी है। किसानों ने बताया कि आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। खेत में लगी आग की सूचना मुखिया ने अग्नि समन विभाग को दी। अग्नि समन सेवा को आने में बाद आग पर काबू पा लिया। मुखिया नवाजिश खान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गर्मी में विभिन्न गांव में घर जलने व खेत में अगलगी से लोगों को भारी नुकसान होता है। इसे देखते हुए उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में अग्नि समन सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।



उपलब्धि

### यूपीएससी की परीक्षा में गढ़वा डीसी की पुत्री को मिली सफलता

# साक्षी जमुआर ने तीसरे प्रयास में हासिल किया 89वां रैंक

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर ने यूपीएससी परीक्षा में 89वां रैंक हासिल किया है। साक्षी जमुआर (24) का यह तीसरा प्रयास था। वह साल 2021 से लगातार यूपीएससी की परीक्षा दे रही थी। पिछली दो परीक्षाओं में उसे असफलता प्राप्त हुई थी, लेकिन अपने तीसरे प्रयास में उसने ऑल ओवर इंडिया 89वां रैंक प्राप्त किया है। साक्षी गढ़वा में ही उपायुक्त आवास पर अपने माता-पिता के साथ रहती है। यूपीएससी के रिजल्ट की घोषणा होने के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर एवं साक्षी जमुआर को बधाई देनेवालों का तांता लग गया। गढ़वा के प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य चाहनेवालों ने उपायुक्त को फोन कर एवं मिलकर उनके पुत्री की इस सफलता के लिये उन्हें बधाई दी।



#### बीपीएससी में भी प्राप्त किया था 48वां स्थान

साक्षी ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा डीपीएस रांची में हुई है। इसके बाद उसने डीबीएम श्यामली से ह्यूमनिटी विषय से 12वीं तक की पढ़ायी की। इसके बाद उसने साल 2021 में एनएलयू रांची से लॉ पूरा किया है। साक्षी ने बीपीएससी में भी सफलता प्राप्त की है। इसी साल जनवरी में आये रिजल्ट में उसे 48वां रैंक प्राप्त हुआ है और प्रोबेशनल ऑफिसर के रूप में उसे जेल में ज्वाईन करने को कहा गया है, लेकिन उसने यूपीएससी का रिजल्ट आने तक इसे ज्वाईन नहीं करने का फैसला लिया था। यदि साक्षी को यूपीएससी में सफलता नहीं मिलती तो वह इसे ज्वाईन कर लेती। साक्षी का एक बड़ा भाई भी है, जो डेटा साईंस से आईआईटी कर रहा है।

#### 10वीं में ही लक्ष्य तय कर लिया था, जुट गयी थी तैयारी में: साक्षी जमुआर

अपनी सफलता के बारे में साक्षी जमुआर ने बताया कि जब वह 10वीं में थी, तभी उसने यह निर्णय कर लिया था कि उसे यूपीएससी की तैयारी करनी है। वह तभी इस लक्ष्य को तय कर तैयारी करने में लग गयी थी। उसने कहा कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक पढ़ाई करती थी। परीक्षा के दिनों में पढ़ायी के घंटे 10 से 12 हो जाते थे। उसने कहा कि जो भी विद्यार्थी यूपीएससी की तैयारी में लगे हुये हैं, वे सिलेबस को अच्छी तरह से परख लें, उसके अलावे दायें-बायें नहीं देखें। इसके अलावे प्रैक्टिस पर ध्यान दें। उसने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिये उसने ऑनलाईन पढ़ाई कर तैयारी की है। उसे बैडमिंटन खेलना, पेंटिंग बनाना एवं डायरी लिखने का शौख है। उसने बताया कि वह अधिकारी बनकर ग्रास रूट पर काम करना पसंद करेगी।

#### गढ़वा मेरे लिये काफी लक्की साबित हुआ: शेखर जमुआर

अपनी पुत्री की सफलता पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि किसी भी मां-बाप के लिये इससे ज्यादा बड़ी खुशी की बात दूसरी नहीं हो सकती है। जब बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं, तो मां-बाप को खुशी होती ही है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के अलावे किस्मत भी उनकी पुत्री के साथ है। उन्होंने कहा कि साक्षी गढ़वा की बेटी है। गढ़वा उनके लिये काफी लक्की साबित हुआ है। इसे वे कभी भूल नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा से पहले भी कई लोग आईएएस-आईपीएस बने हैं, आगे भी यहां के लोग सफलता को चूमें, वे यही कामना करते हैं।

# छह किलोमीटर दूर है बूथ, पैदल जाकर वोट करने में भारी परेशानी

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में दो लोकसभा तथा तीन विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के रबदा के कुकुरबंधवा, फुलवरिया और डम्हवा की दूरी बूथ से करीब पांच से छह किलोमिटर है। इन दोनों जगह पर दो वार्ड पार्षद का चयन करीब 700 मतदाता करते हैं, जो पैदल वोट देने सतबरवा के करीब बने रबदा मध्य विद्यालय के बूथ पर जाते हैं। रबदा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि यहां पर 86 और 87 नंबर बूथ संख्या बनाया गया है। दोनों बूथों पर सात-सात सौ वोटर हैं। इधर, सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि 1100 के लगभग वोटरों की संख्या होने पर बूथ बनाए जाते हैं।




#### भाड़े के अभाव में वोट देने नहीं जा पाते मतदाता

कई मतदाताओं ने बताया कि भाड़े के अभाव में अधिकतर मतदाता वोट देने नहीं जा पाते हैं। इधर, वार्ड पार्षद सह रबदा पंचायत के उप मुखिया उमेश सिंह बताया कि फुलवरिया राजा मेदिनीराय की जन्मस्थली है। यहां से बूथ पर जाने में पांच-छह किलोमिटर पैदल चलकर जाना पड़ता है। भाड़े के टेंपो अन्यथा किसी तरह से जुगाड़ लगाकर बूथ पर वोट देने चले जाते हैं। इस दौरान प्रत्येक मतदाताओं को 100 रुपए के करीब खर्चा आ जाता है। उन्होंने कहा कि कुकुरबंधवा स्थित स्कूल में बूथ बन जाने से यहां के वोटरों को सुविधा होती। इधर, केशर परहिया, प्रदीप सिंह, चंदन सिंह, सुधीर सिंह, फूल कुमारी देवी, प्रेमा देवी, सविता देवी बताती है कि पैदल वोट देने जाते हैं। इस दौरान गर्मी और प्यास से बुरा हाल हो जाता है।

## संपादकीय

# हमेशा अनुकरणीय रहेंगे श्रीराम के आदर्श




**अयोध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ वर्षों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनायेंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का ये स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्योहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जनवरी में हुई भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आयेगी और हर तरफ भजन-कीर्तन तथा अखंड रामायण के पाठ की गूंज सुनायी पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिये खास प्रबंध किये गये हैं। विधि-विधान के अनुसार, भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेलीं और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है।

श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इंद्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किये जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्ति बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। राम की वनवास यात्रा की शुरुआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गये। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आये।

## अध्यात्म पथ

### रामलला के अभूषणों का अंक ज्योतिष से है खास कनेक्शन, जानें इसकी खासियत



**प्रभु** राम की नगरी अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बेहद धूमधाम से मनाया गया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रामलला को जो आभूषण पहनाये गये हैं, उनका रत्नों का ज्योतिष से कनेक्शन है। आपको बता दें कि ज्योतिषाचार्यों ने रामलला के गहनों को अंक ज्योतिष से जोड़कर उनकी गणना प्रस्तुत की है। जिसमें रामलाल द्वारा पहने गये रत्नों के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। ऐसे में अगर आप भी इन रत्नों के ज्योतिष कनेक्शन के बारे में जानना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिये है। जानकारी के अनुसार, रामलला के आभूषणों में 3,6,9, 12 जैसे विभिन्न शुभ अंक शामिल हैं। यह सभी हर अलग-अलग पहलु को दर्शाने का काम करते हैं। इन गहनों के जटिल विवरण पर भी प्रकाश डाला गया है। इनमें इस्तेमाल किये गये सोने, पन्ने और हीरे आदि का वजन शामिल है। वहीं, रामलला के दिव्य मुकुट के बारे में भी अंक ज्योतिष में विस्तार से वर्णन किया गया है और इसमें प्रतीकवाद पर भी जोर दिया गया है। रामलला की मूर्ति 51 इंच की है। यदि आप 5+1 करते हैं तो यह 6 होता है। इसके अलावा रामलला के आभूषण बनाने में 51 किलोग्राम सोने का इस्तेमाल किया गया है। 5+1=6 रामलाल के पूरे आभूषणों में 18,000 कैरेट के पन्ने और हीरे का मिश्रण है। 1+8=9। वहीं, रामलला ने जो दिव्य मुकुट धारण किया है, यह 1.71 किलोग्राम और 22 कैरेट सोने का है। 1+7+1=9। पारखी और बारीक नजर से चुने गये रामलला के ताज में 261 कैरेट माणिक्य लगे हैं, जिससे ताज को एक अद्वितीय चमक मिलती है। 2+6+1=9। रामलला का मुकुट सूर्यदेव की छवि से सुशोभित है। साथ ही यह सूर्यवंशियों के शाही वंश को भी दर्शाने का काम करता है। तो यदि आप ध्यान दें तो एक साल में सूर्य के 12 दिव्य रूप होते हैं। उनके मुकुट में 75 कैरेट के बारीक हीरे जड़े हैं। 7+5=12। इसके साथ रामलला के क्राउन में एक विशेष खदान के 174 बढ़िया पानी के जाम्बियन पन्ने हैं। 1+7+4=12।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा सनातन

> सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10 हजार वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पत्ति लाखों वर्ष पहले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशु को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरुषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था।

**प्रहलाद सबनानी**

**पूरे** विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गयी है। आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करनेवाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवनयापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न-भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता-पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।

सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10 हजार वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशु को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरुषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था। सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्योहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दर्शाते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है। तभी तो ब्रज की होली और कुंभ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदूओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनैतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है। सनातन हिंदू धर्म बिलकुल ही कट्टरपंथी धर्म नहीं है। अन्य धर्मों की तरह इसमें किसी भी प्रकार का सामाजिक दबाव नहीं हैं। इस धर्म में धार्मिक शिक्षा के लिए कोई भी जोर जबरदस्ती नहीं है जैसा कि कुछ अन्य धर्मों में होता है। हिंदू धर्म मानता है कि शिक्षा सभी तरह की होनी चाहिए केवल धार्मिक आधार पर शिक्षा देना उचित नहीं है। किसी भी बच्चे की शिक्षा में अगर संस्कार जुड़ जाये तो वह बच्चा बड़ा होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है और वह एक अच्छा इंसान बनता है। सनातन हिंदू धर्म में परोपकार की भावना होती है। अन्य धर्मों की तरह यह केवल अपने वर्चस्व के बारे में नहीं सोचता है। इंडोनेशिया जो कि एक मुस्लिम बहुल देश हैं वहां पर सनातन हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार आज भी पाये जाते हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि यह देश हिंदू धर्म से कितना प्रभावित रहा है। मुस्लिम बहुल देश होने के बावजूद हिंदू धर्म का बहुत बड़ा प्रभाव यहां आज भी दिखाई देता है। मुस्लिम लोग भी अपना नाम हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर रखना पसंद करते हैं। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी नागरिक पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी को लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाता है। परंतु, आज प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बहुत से लोग अन्य धर्मों को छोड़कर स्वप्रेरणा से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों को जितना सम्मान दिया जाता है उतना किसी भी अन्य धर्म में नहीं दिया जाता है। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा की जाती है। सनातन हिंदू धर्म में आस्था का मतलब है कि जीवन में उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता की ओर झुकाव। जहां भारत में सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की नाकाम कोशिश की जाती है वहीं रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, घाना, सूरीनाम जैसे देशों में हिंदू धर्म तेजी से फैल रहा है। सनातन हिंदू धर्म पूरी दुनिया को शांति का संदेश देता है। कई देशों में तो आज सनातन हिंदू संस्कारों का अनुपालन करते हुए विशेष गांव स्थापित किये जा रहे हैं। आयरलैंड में 22 एकड़ का एक हिंदू आइलैंड बन गया है। इसे हरे कृष्णा आइलैंड का नाम दिया गया है। यहां निवासरत समस्त नागरिकों द्वारा सनातन हिंदू धर्म के प्राचीन रीति-रिवाजों का पालन बहुत ही सहजता के साथ किया जाता है। सनातन हिंदू धर्म के वैदिक नियमों को सदा सदा के लिए जीवित रखने के लिए यहां पर रहने वाले सनातनी हिंदू, मांस का परित्याग का शाकाहारी भोजन गृहण करते हैं। नशीले पदार्थों, शराब एवं सिगरेट आदि पदार्थों से भी दूर रहते हैं। सुबह एवं शाम मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं। उनका जीवन सादगी भरा रहता है तथा कृषि एवं गाय पालन करते हुए अपना जीवन-यापन करते हैं। महिलाएं साड़ी पहनती है एवं पुरुष धोती कुर्ता धारण करते हैं। इसी प्रकार के गांव जहां हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन किया जाता है अन्य कई देशों यथा घाना, फीजी एवं अन्य कई अफ्रीकी देशों, सुदूर अमेरिका, यूरोप के देशों, आदि में भी तेजी से फैलते जा रहे हैं।

इसी प्रकार, कजाकिस्तान एक मुस्लिम देश है। यहां की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी इस्लाम को मानने वाले लोगों की है। परंतु, हाल ही के समय में यहां भी एक बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है और यहां नागरिक सनातन हिंदू धर्म के प्रति आकर्षित होते दिखाई दे रहे हैं। यहां सनातन हिंदू धर्म की लहर इतनी तेजी से उठी है कि हर तरफ हिंदू धर्म की आस्था एवं आध्यात्म का फैलाव दिखाई दे रहा है। यहां के युवा विशेष रूप से भगवत गीता पढ़ने की ओर आकर्षित हो रहे हैं और हिंदू धर्म को समझने का प्रयास कर रहे हैं। एक कजाकिस्तानी महिला मारीना टारगाकोवा की भगवत गीता को पढ़कर हिंदू धर्म के प्रति रुचि इतनी बढ़ी है कि अब उसने जैसे बीड़ा ही उठा लिया है कि वह कजाकिस्तान में सनातन हिंदू धर्म को फैलाने का प्रयास लगातार करती नजर आ रही है।

**– (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बंगाल में महिला अस्मिता पर भारी तुष्टिकरण की राजनीति

> जिन 'ममता दीदी' के राजनीतिक जीवन को स्त्री अस्मिता से जोड़ा जाता है, उसी ममता के राज में आज संदेशखाली जैसी घटनाएं वर्षों से घट रही हैं। अभी यदि चप्पे-चप्पे की जांच हो जाये तो पता नहीं बंगाल में न जाने कितने ही संदेशखाली निकलकर सामने आ जायेंगे। दूसरी ओर 'ममता दीदी' की ममता है कि सत्ता के लिए अपराधियों को लगातार संरक्षण देती है। एक स्त्री होकर स्त्री अत्याचार पर 'ममता' की चुप्पी, पुलिस को अत्याचारियों के स्थान पर पीड़ितों पर ही अत्याचार करने की छूट दे देना, आखिर क्या बता रहा है? यही कि 'ममता बनर्जी' वक्त के साथ इतनी बदल गयीं कि उनके लिये राजनीति ही सब कुछ हो गयी है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**कहने** को कहा जाता है कि जिसने दर्द नहीं सहा, वह क्या जानें पीर पराई, ममता बनर्जी को लेकर जब उनके प्रशंसक उनका गुणगान करते हैं तो यही बताते हैं कि बहुत संघर्ष भरा है 'ममता दीदी' का राजनीतिक जीवन। वह 1992 का दिसम्बर महीना विशेष तौर पर याद दिलाना नहीं भूलते, जब एक शारीरिक रूप से अक्षम लड़की फेलानी बसाक (जिसका कथित तौर पर सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं द्वारा बलात्कार किया गया था) को वह तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु के पास ले गयी थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें उल्टा गिरफ्तार कर लिया था। यानी 'दीदी' के प्रशंसक यह जरूर बताते हैं कि उनका राजनीतिक सफर स्त्री अस्मिता के लिए संघर्ष करनेवाली बुलंद आवाज के रूप में शुरू हुआ है। लेकिन आज इस प्रशंसा के इतर हकीकत क्या है पश्चिम बंगाल की? कहीं कोई सुरक्षित नहीं, पूरे बंगाल में दंगे कभी भी भड़क सकते हैं। वस्तुतः ममता राज में कोई एक वर्ष भी ऐसा नहीं गुजरा है जब रामनवमी, दुर्गा उत्सव या अन्य हिन्दू त्यौहारों पर शांति बनी रही हो और इस्लामिक भीड़ ने पत्थर न बरसाये हों। अक्सर आतंकवादी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग स्थानों से पकड़े जाते हैं। बेंगलुरु ब्लास्ट के आतंकी भी यहीं आकर छिपे थे। हां, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट करने वाले मुख्य आरोपित को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दोनों ही कोलकाता से हिरासत में लिये गये। शाजिब हुसैन ने कैफे में आईईडी रखा था जबकि अब्दुल मतीन ताहा ने धमाके की साजिश रची थी।

जिन 'ममता दीदी' के राजनीतिक जीवन को स्त्री अस्मिता से जोड़ा जाता है, उसी ममता के राज में आज संदेशखाली जैसी घटनाएं वर्षों से घट रही हैं। अभी यदि चप्पे-चप्पे की जांच हो जाये तो पता नहीं बंगाल में न जाने कितने ही संदेशखाली निकलकर सामने आ जायेंगे। दूसरी ओर 'ममता दीदी' की ममता है कि सत्ता के लिए अपराधियों को लगातार संरक्षण देती है। एक स्त्री होकर स्त्री अत्याचार पर 'ममता' की चुप्पी, पुलिस को अत्याचारियों के स्थान पर पीड़ितों पर ही अत्याचार करने की छूट दे देना, आखिर क्या बता रहा है?



यही कि 'ममता बनर्जी' वक्त के साथ इतनी बदल गयीं कि उनके लिये राजनीति ही सब कुछ हो गयी है। वह अपनी सत्ता बनाये रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। पश्चिम बंगाल में एक नहीं कई संदेशखाली भी सामने आ जायें तो भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता! उनकी सत्ता हर हाल में बनी रहना चाहिए। वह तो अच्छा है कि देश में न्यायालय है, केंद्र सरकार है, कई राष्ट्रीय एजेंसियां हैं, आयोग हैं, जोकि पीड़ित का पक्ष सुनने के लिए मौजूद हैं और उसके आधार पर राज्य सरकारों को निर्देश देने तथा पीड़ित को संरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था मुहैया कराने में सक्षम हैं। यदि यह नहीं होते तो सोचिए; 'ममता बनर्जी' अपनी सत्ता का और कितना अधिक दुरउपयोग करतीं, जब अभी राज्य में पुलिस प्रशासन एवं तुष्टिकरण का यह हाल है!

वस्तुतः संदेशखाली मामले में सुनवाई जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, न्यायालय के सामने कई चौंकाने वाले साक्ष्य सामने आ रहे हैं। कई आयोग अपने स्तर पर सही तथ्यों को जानने का प्रयास कर रहे हैं और वे अब तक जितना जान पाये उसके आधार पर वह बहुत असहज हैं कि आखिर एक स्त्री होकर भी 'ममता' को पश्चिम बंगाल की स्त्रियों का दर्द क्यों नहीं अनुभूत हुआ। वह इतना सब होने के बाद अब भी क्यों नहीं समझना चाहतीं अपने राज्य की स्त्रियों की समस्याएं और उनका भोगा हुआ दर्द से भरा यथार्थ। यहां स्थिति कितनी भयाभह होगी, इसका तो सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट तक को संदेशखाली मामले की जांच अपनी निगरानी में सीबीआई से करवाने के निर्देश देने तक की आवश्यकता महसूस हुई है। टीएमसी के पूर्व नेता शाहजहां शेख पर संदेशखाली की महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने, जमीन कब्जाने और जबरन वसूली जैसे न जाने कितने ही आरोप हैं। हद तो यह है कि जब न्यायालय हस्तक्षेप करता है और निर्देश देता है, तब कहीं जाकर 'ममता' की बंगाल पुलिस शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार कर जेल भेजती है, अन्यथा तो अपने संरक्षण में इन्हें और इन जैसे न जाने कितने ही मानवता के शत्रु गुण्डों को यह संरक्षण दे ही रही है? कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि संदेशखाली यौन उत्पीड़न, बलात्कार और अन्य मामलों में हाई कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच होगी। पश्चिम बंगाल सरकार सीबीआई अधिकारियों और संदेशखाली के पीड़ितों को पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करेगी। हाई कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को मछली पालन के लिए कृषि भूमि के अवैध रूपांतरण पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य सरकार को आदेश दिया कि 15 दिनों के अंदर संदेशखाली के इलाके में सीसीटीवी कैमरे लग जाने चाहिए। जरूरत के हिसाब से एलईडी लगाये जायें। इन सबका खर्च बंगाल सरकार उठायेगी। कहना होगा कि न्यायालय के आदेश के बाद अब पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार सीबीआई जांच पर रोक नहीं लगा पायेगी। साथ ही जमीन हड़पने और ईडी पर हमले के मामले में पहले से ही सीबीआई जांच चल रही है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से नेतागण क्या करते रहे थे, इसका एक चिट्ठा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से भी रखा है। आयोग ने घटनास्थल पर की गयी जांच में पाया कि पीड़ितों पर कई तरह से अत्याचार हुए हैं। यहां के लोगों को हमले, धमकी, यौन शोषण, भूमि पर कब्जा और जबरन अवैतनिक श्रम का सामना करना पड़ा है। शासकीय अधिकारियों की मिली भगत से यहां के आमजन को वोट देने के अधिकार से भी वंचित किया गया। सरकारी योजनाओं में भेदभाव किया जा रहा था । एनएचआरसी ने बहुत विस्तार से अपने ये आंकड़े रखे हैं।

**– (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# चैत्र नवरात्रि : अष्टमी पूजा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, माता के जयकारों के साथ गुंजा क्षेत्र

**महेश कुमार**





दारू (हजारीबाग)। चैत्र नवरात्रि में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साधक दिन भर उपवास कर रात्रि में आरती-अर्चना के बाद फलाहार करते हैं। मेरू, रामदेव खरिका, हरली के दुर्गा मंडप में षष्ठी के दिन मां दुर्गा का पट खुलते ही मां के अलौकिक दर्शन पाने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्तिमय एवं माता के जयकारों के साथ गुंजयमान हो गया। वहीं अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालु अष्टमी पूजा करते उत्साहित नजर आए। शाम 4:17 बजे के बाद से संधि बलि को लेकर भक्तों की लंबी कतार लगी रही।

### इन दुर्गा मंडपों का कितना पुराना है इतिहास

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मेरू के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने बताया कि लगभग 65 वर्षों से यहां चैती दुर्गा पूजा किया जा रहा है हमारे पूर्वजों ने इसे स्थापित किया पहले दुर्गा मंडप खपड़ा का हुआ करता था जिसे बाद में ग्रामीण बैठक कर इसे भव्य रूप दिया है। यहां अष्टमी से दशमी तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता है और रात्रि में भक्ति जागरण का भी आयोजन होता है। चैती दुर्गा पूजा समिति रामदेव खरिका के अध्यक्ष केदार नारायण ने बताया कि 2018 से यहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है, शुरुआत में कामेश्वर नारायण एवं संजय प्रसाद ने इसका प्रस्ताव रखा जिसे बाद में पूरा ग्रामीण बैठक कर मंदिर बनाने का निर्णय लिया वहीं ग्रामीणों के साथ मिलकर सुखदेव प्रसाद ने मंदिर की नीव रखा। हरली दुर्गा मंडप पूजा समिति के अध्यक्ष दिलिप प्रसाद ने बताया कि सन 1984 से यहां चैती दुर्गा पूजा किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष नवमी एवं दशमी को यहां मेले का आयोजन किया जाता हैं परंतु विजयदशमी के दिन अधिक भीड़भाड़ होती है और इस बार दसमी के रात्रि में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होने बताया कि पूर्वज रामेश्वर प्रसाद, गिरधारी महतो, ज्ञानी महतो, रामधनी प्रसाद, जनार्दन प्रसाद ने संयुक्त रुप से इसकी नीव रखी थी। बाद में ग्रामीण बैठक कर मंडप को सुदृढ़ बनाया।

## रामनवमी के पूर्व संध्या पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति की अपील, एसडीओ एसडीपीओ रहे शामिल

**स्वदेश संवाददाता**



बरही। रामनवमी के पूर्व संध्या पर मंगलवार शाम अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने ने बरही मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च किया। एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में बरही थाना से चौक होते हुए सभी सड़को में फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान संवेदनशील क्षेत्र सहित रामनवमी के त्योहार पर निकलने वाले झंडा जुलूस के रूट चार्ट का भी अवलोकन किया गया। जुलूस के दौरान किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए दुकानदारों तथा सड़क किनारे ठेला खोमचा लगाने वालों को भी निर्देश दिया गया कि जुलूस के दौरान सड़क के किनारे किसी भी तरह का ठेला खोमचा लगाकर रूट जाम ना करें। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह से बचने का प्रयास करें और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दें। फ्लैग मार्च में सीओ रामनारायण खलखो, प्रभारी थाना प्रभारी सुमित कुमार समेत महिला व पुरुष बल के जवान शामिल थे।

## दुलमाहा के लखना में आयोजित महायज्ञ के जागरण में शामिल हुए अरुण साहू

**स्वदेश संवाददाता**

### महायज्ञ हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोए रखने में मदद करता है : अरुण साहू



बरही। प्रखंड के दुलमाहा पंचायत अंतर्गत ग्राम लखना में आयोजित श्री श्री 1008 भगवती हनुमान मंदिर सह चंडी महायज्ञ के जागरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू शामिल हुए और फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। श्री साहू ने कहा कि यज्ञ हमारे धार्मिक आस्था का एक प्रमुख अंग है। यह हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोए रखने में मदद करता है, समाज को एकत्रित करता है और सामूहिक उत्सव की भावना को बढ़ाता है। यज्ञ के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ाया जा सकता है और लोगों को एक विशेष प्रकार के आत्मीय अनुभव का अवसर देता है। इसके अलावा, यज्ञ कार्यक्रम सामाजिक समारोहों में सहभागिता को बढ़ावा देता है और लोगों में सद्भावना की भावना को बढाता है। मौके पर यज्ञ समिति के प्रभारी सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष अशोक पासवान, सुखदेव यादव, अशोक यादव, सदस्य रामू यादव, बालेश्वर यादव, रूपल यादव, श्याम सुंदर यादव, रिंकू साव, वासुदेव साव, कैलाश साव, संजय साव, निर्मल साव, प्रकाश साव, प्रभु यादव, प्रभु राम, ओमप्रकाश साव, तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष सन्नी गुप्ता सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में चिंतन बैठक का आयोजन

**स्वदेश संवाददाता**




बरकट्ठा। विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में भाजपा की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव ने किया।वहीं वरिष्ठ नेता महाबीर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता/समर्थको के साथ लिए गए प्रस्ताव के आलोक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा के द्वारा पिछले पांच वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहा था। मेरे समर्थकों व कार्यकर्ताओं को हासिये पर रख पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले को इस बार भाजपा लोकसभा में संयोजक बना दिया गया है ।इस तरह की उपेक्षा अपने कार्यकर्ताओं की नही देख सकते। जानकी यादव संघर्ष का दूसरा नाम है। हम पुनः संघर्ष करेंगे ,जनता के बीच जाएंगे। वहीं बैठक में मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का समर्थन करते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता व पदों से इस्तीफा दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लोकसभा में उनकी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर निर्णय लेंगे । चिन्तन बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, उप प्रमुख सुरजी देवी, शमशेर आलम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, राजकुमार नायक, मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव, श्यामदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, पूर्व मुखिया देवीलाल साहू,केदार यादव, अजय यादव, सुरेश यादव, पस्थित थे ।

## विधि व्यवस्था को लेकर महूदि मार्ग में वापसी के दौरान प्रशासन ने जुलूस को रोका

**स्वदेश संवाददाता**

### सीओ की गाड़ी समेत तीन गाड़ी में तोड़फोड़, मचान में लगी आग



बड़कागांव। प्रखंड के महुदी गांव में 40 वर्षों से रुका रामनवमी का जुलूस अष्टमी के दिन बिना प्रशासन के देखरेख के शांतिपूर्वक निकल कर सोनपुरा गांव मेलाटांड़ पहुंचा। जुलूस निकलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जुलूस निकलने की सूचना मिलते ही बड़कागांव प्रशासन महुदी गांव पहुंचकर पूर्व की भांति हरकत में आ गई। महुदी गांव में विधि व्यवस्था को देखते हुए पुलिस छावनी में तब्दील कर वापसी जुलूस को पुनः प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। प्रशासन द्वारा वापसी जुलूस को रोके जाने के बाद जुलूस में शामिल लोग महुदी गांव के उत्तरी छोर पर लगे बैरिकेटिंग तक पहुंच गए। जुलूस में शामिल लोगों का कहना है कि जब बिना प्रशासन के ही हम लोग शांतिपूर्वक अष्टमी का जुलूस निकाल लिए और किसी प्रकार कोई अप्रिय घटना नहीं घटी तो फिर प्रशासन वापसी जुलूस को क्यों नहीं जाने दे रही है। इधर प्रशासन द्वारा जुलूस रोके जाने के बाद महुदी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर पूर्व की भांति बैरिकेटिंग लगा दी गई। इस संबंध में प्रशासन का कहना है कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों द्वारा प्रशासन के साथ धोखा किया गया। समझौता के लिए प्रखंड मुख्यालय में बैठक के नाम पर साजिश के तहत जुलूस निकाला गया। जैसे ही इसकी सूचना मिली गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। ज्ञात हो कि उक्त जुलूस निकालने के लिए प्रखंड में कई दिनों से प्रयास हो रहा था। कई दौर की बैठकें की गई। सप्तमी 16 अप्रैल से महुदी गांव में हिंदू संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन शुरू कर दी थी। 16 अप्रैल की रात में भी हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार एवं बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पूरा प्रशासन महुदी गांव पहुंचकर धरना पर बैठे लोगों से वार्ता करते हुए गांव में प्रवेश करने का प्रयास किया लेकिन धरना में बैठे लोगों ने सोनपुरा-महुदी सीमा पर ही प्रशासन को रोक देने के कारण वापस लौटना पड़ा था। इस दौरान घटना में देर शाम 2 पुवाल की मचान में आग लगने, सीओ के वाहन के अलावा दो अन्य वाहनों को नुकसान होने की भी बात सामने आई है। घटना में सीओ का ड्राइवर विजय राम भी घायल हुआ है। समाचार लिखे जाने तक हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, हजारीबाग एसडीओ शैलेश कुमार, बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सहित डीएसपी रैंक के कई पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड के सभी आला अधिकारी, संबंधित कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन के मुताबिक फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## हजारीबाग के हर क्षेत्र में पूर्ण वैभव के साथ निकला अष्टमी का शोभायात्रा

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। जिले में रामनवमी की आगाज़ हो चुका है। मंगलवार को महा अष्टमी के अवसर पर जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण वैभव और हर्षोल्लास के साथ अष्टमी शोभायात्रा निकला। श्री चैत रामनवमी महासमिति, विष्णुगढ़ के द्वारा विष्णुगढ़ में रामनवमी के पूर्व संध्या आयोजित भव्य और आकर्षक झंडा शोभा यात्रा में विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। श्री जायसवाल विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी 24 पंचायतों के हजारों लोग सड़कों पर श्रीराम की उद्घोष के साथ रामनवमी की आगाज़ करते दिखे। यह शोभा यात्रा विष्णुगढ़ के दुर्गा मन्दिर चौक से शुरू होकर हॉस्पिटल चौक, अखाड़ा चौक, क्रोंज मोड़, जमुनिया नदी, नवादा होते हुए बनासो स्थित मां बागेश्वरी धाम पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके बाद श्री जायसवाल सदर विधानसभा क्षेत्र के हुटपा पंचायत स्थित ग्राम बानाहप्पा निवासी हजारीबाग जिला परिषद के जिला अभियन्ता स्व.सी.बी.सिंह और उनकी मां के संयुक्त श्रद्धांजली सभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल शामिल हुए और दिवंगत मां- बेटे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया । श्री जायसवाल के साथ सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अनेश्वर प्रसाद, महेश प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह, सीताराम प्रसाद, मनोज प्रसाद, राजू मेहता, लल्लू यादव, नंदकिशोर सिंह, बबलू सिंह, श्यामलाल महतो, राजेश शर्मा, भरत सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के सभी पंचायतों का भ्रमण किया


**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। मंगलवार को समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के सभी पंचायतों का भ्रमण किया साथ प्रखंड के सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर शान्ति पूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही कटकमदाग गांव में हो रहे श्रीश्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें कटकमदाग के ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया व कटकमदाग प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव भगवा गमक्षा देकर स्वागत किया। श्री सिंह ने मौके पर कहा कि रामनवमी का त्योहार सौ वर्षों से भी पुराना है और इसकी भव्यता पूरे विश्व में प्रख्यात है। हमें राममनवमी को शांतिपूर्ण तथा नशामुक्त होकर मनाने का प्रयास करना चाहिए । श्री सिंह के साथ मुख्य रूप से प्रमुख प्रातिनिधि उदय कुमार साव, विक्की कुमार धान, अजय कुमार, अदित्या कुमार, बेस पंचायत के वार्ड, उप मुखिया घुजाली महतो, सुरेंद्र राम, रंजीत यादव, उपेंद्र कुशवाहा रामचंद्र यादव, मनोज महतो, अवधेश कुमार, देवनारायण प्राजापति, चन्देश्वर प्रसाद भिम कुमार, राजेश प्रजापति, सिकेंन्दरा प्रजापति, वकिल साव , तापेश्वर प्रजापति, राजकुमार, सुधीर प्रजापति, सुखदेव ठाकुर, मुकेश प्रजापति, टुनी साव, झरी प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार , मुकेश प्रजापति, सुभाष कुमार तथा समस्त ग्रामीण सम्मिलित थे।

## 1932 में पबरा गांव का जुलूस पहली बार झण्डा भेखलाल महतो के नेतृत्व में पहुंचा हजारीबाग शहर

**श्यामदेव मेहता**



हजारीबाग। जब दिल में हो भक्ति, तो नहीं रोक सकता कोई शक्ति. इसका जीता जागता उदाहरण थें कटकमसांडी प्रखंड के पबरा गांव निवासी, स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता के ससुर भेखलाल महतो। शहर में नवमी का जूलुस देख कर इच्छा हुई की हमारे गांव का जुलूस भी शहर जाए। बस यही इच्छा के कारण नवमी का जुलूस हजारीबाग शहर लाने का फैसला भेखलाल महतो ने किया। इसके लिए सबसे पहले बनारस जा कर टीन में छपे हनुमानजी के चित्र को लाए और पबरा एवं आसपास के गांव में डफली और हनुमानजी के चित्र लेकर महीनों तक प्रचार किए की इस बार की रामनवमी में गांव का एक जुलूस भी हजारीबाग शहर लेकर जाना है। इनके प्रयास से 1932 में पबरा का जुलूस गाजे-बाजे और टीन पर छपे हनुमान जी के चित्र और एक लंबा झंडा लेकर लाठी, डंडा, फरसा, भाला के साथ रोमी,, पेलावल, इंद्रपुरी चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए बड़का अखड़ा पहुंचा और वहां पर अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन कर पूजा अर्चना कर पुनः उसी रास्ते से जुलूस वापस पबरा पहुंचा. इस कार्य मैं इनके मित्र स्वर्गीय जानकी महतो, स्व. बालदेव महतो, स्व. रामलाल महतो, बंशी महतो, सीताराम महतो ने काफी सहयोग किया. 1932 से लेकर आज तक पबरा का जुलूस शहर आ रहा है।नवमी का जुलूस निकालने और हनुमान जी की भक्ति का जुनून भेखलाल महतो पर इस कदर चढ़ा कि इनको जब भी मौका मिलता डफली और हनुमानजी का चित्र लेकर पैदल गांव-गांव में रामनवमी का जुलूस निकालने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए निकल जाते थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। लोकसभा चुनाव 2024 को सफल संचालन के लिए सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण मंगलवार को स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में आयोजित किया गया।

इस मौके पर माइक्रो आब्जर्वर के कार्य एवं दायित्व के साथ-साथ उनके अपने निर्धारित बुथ पर सूक्ष्म से सूक्ष्म अवलोकन करने के बारे मे बताई गई। इस दौरान पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल उज्जवल चौरसिया ने पोस्टल बैलेट से वोट देने की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया की जिन भी मतदाताओ का अभी तक मतदाता सूची में नाम नही है, वें 23 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग के निर्भय कुमार, मृत्युंजय कुमार,इन्दू प्रभा खलखो,उज्जवल चौरसिया एवं जिला मास्टर प्रशिक्षक के रूप मे धीरज कुमार, सुनील कुमार पांडेय, राकेश रंजन, अनिल पांडेय, महेंद्र कुमार एवं देवकांत शर्मा उपस्थित रहे।

## मनरेगा बना लूट का योजना! पुराना डोभा दिखाकर पैसा निकासी का मामला

**श्यामदेव मेहता**



इचाक। प्रखंड के बरकाकला पंचायत अंतर्गत नदी और श्मसान घाट के नजदीक 50 फीट के अंतर पर लगभग 8 डोभा बनाकर सरकार का पैसा दुरूपयोग हो रहा है ! बताते चलें कि कुछ योजना पिछले साल का पुराना है जहां पैसा कि भी निकासी की गई थी लेकिन फिर से वही योजना को दिखाकर व दर्शाकर पैसा निकासी किया जा रहा है। यह योजना बरका कला तथा बंदुवा नदी के समीप बनाया गया है लेकिन बरका कला पंचायत में आता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि लगभग 50 फिट की दूरी पर ही 8 डोभा का निर्माण करवा दिया गया। अनुमान है कि लगभग सारी योजना जीएम लैंड मे आता है, जो कि जांच का विषय है। एक तरह से कहा जाय तो मनरेगा के कार्य जेसीबी से तो होता ही है, जिसमें बिना कोई मजदूर लगाए ठेकेदार लाखों कमाते हैं! इसमें कई योजना जो पुराना था उसको नया डोभा दिखाकर, एमबी बुक तथा डिमांड भी करवा लिया गया। इस मामले में मुखिया से पुछे जाने पर बताया कि कार्य स्थल पर जांच करने का काम रोजगार सेवक,पंचायत सेवक और बीएफटी का है। वे लोग स्थल को जांच करके ही योजना पारित करते हैं। जेई से पुछे जाने पर बताया की दूसरा डोभा दिखाकर एमबी बुक करवाया गया है। इसलिए पेमेंट रोका जा रहा है। बीडीओ से पुछे जाने पर बताया कि मामले का जानकारी नही है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायगी।

## दारू पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**स्वदेश संवाददाता**

दारू (हजारीबाग)। रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर दारू पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दारू से झुमरा तक निकाला गया जिसमे अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं महिला तथा पुरुष पुलिस फोर्स शामिल थे। थाना प्रभारी सफीक खान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी को शांतिपूर्ण से मनाए। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरे धर्म को ठेस पहुंचे। विशेष कर हुरदंग करने वाले पर हमारा पैनी नजर हैं, पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष ने मनीष जायसवाल से की मुलाकात किया आमंत्रित



**स्वदेश संवाददाता**

बड़कागांव। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के हजारीबाग आवास में मुलाकात कर रामनवमी में बड़कागांव रामनवमी जुलूस में शामिल होने का निमंत्रण पत्र सौपा। विवेक सोनी ने बताया कि हजारीबाग सदर विधायक लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को बड़कागांव जुलूस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया हूं इसके अलावा पेयजल बिजली अन्य कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। ताकि समय रहते समस्याओं को दूर किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से सरोज सोनी, रितेश दांगी ,अभिषेक तिवारी, रंजीत मेहता, दिनेश सिंहा, सुरेश राणा के अलावा उपस्थित थे।

## श्री श्री 1008 श्री हनुमंत सह विश्वकर्मा देव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हर्षोउल्लास के साथ संपन्न

**स्वदेश संवाददाता**

### पूजा का सबसे अच्छा मार्ग हवन और महायज्ञ है : जयनन्द मिश्रा





बड़कागांव। सांढ-छपेरवा गांव में वैदिक श्री श्री 1008 श्री हनुमंत सह विश्वकर्मा देव की प्राण प्रतिष्ठा हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ आचार्य जय नंदन मिश्रा एंव आचार्य पंडित ऋषिराज वेदव्यास मिश्रा सहित आचार्य शिवराम पांडेय, आचार्य राधिका पाण्डेय, पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पाण्डेय, पंडित रूपम आचार्य,आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पाण्डेय, पंडित सुशील पाण्डेय के द्वारा गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरन भक्ति मई किया। यज्ञाचार्य जय नंदन मिश्रा एवं आचार्य पंडित ऋषि राज वेद व्यास मिश्रा ने 33 कोटी ( करोङ) देवी- देवताओं को यज्ञकुण्ड में आहुति के साथ हनुमंत एवं बाबा विश्वकर्मा देव के प्राण प्रतिष्ठा करवाते हुए बताया की मैं कहुँ तो हमारे हिन्दू सनातन धर्म में पूजा का सबसे अच्छा मार्ग हवन और यज्ञ है, तो इसमे किसी को कोई शंका नही होगी।

इस विधि से भगवान को सदियों पहले से ही हमारे ऋषि मुनि रिझाते हुए आये है। अग्नि ही यज्ञ का प्रधान देवता है। हवन में डाली गयी सामग्री प्रसाद सीधे हमारे आराध्य देवी देवताओ तक पवित्र अग्नि के माध्यम से जाता है। हवन का एक सबसे अच्छा लाभ यह है की इसके धुएं से वातावरण शुद्ध होता है। कुण्ड में अग्नि के माध्यम से भगवान के निकट हवि पहुंचाने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं। हवि, हव्य अथवा हविष्य वह पदार्थ हैं जिनकी अग्नि में आहुति दी जाती है। स्वास्थ्य के नजरिये से यज्ञ की पवित्र अग्नि के धुएं से वातावरण के कीटाणु और हानिकारक जीव नष्ट होते है जिससे शुद्धिकरण होता है। हवन में हव्य जैसे फल, शहद, घी, काष्ठे मिलकर वायुमण्डल को स्वास्थ्यकर बनाते है। अतः यह वैज्ञानिक द्रष्टि से भी अत्यंत महत्व रखता है। हवन करने वाले और आस पास के व्यक्ति के शरीर को शुद्ध करता है।

NEWS IN Gallery

### आप ने पंजाब में चार लोस सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। दो दिन पहले अकाली दल से आप में आये पवन कुमार टीनू पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा तीन विधायकों को लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। आप द्वारा मंगलवार को जारी की सूची के अनुसार, वर्तमान में बटाला विधानसभा हलके से विधायक अमन शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा हलके से, मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर लोकसभा हलके से तथा लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### बसपा ने 11 उम्मीदवारों की जारी की सूची

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बसपा ने मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिम्पल यादव को टक्कर देने के लिए इस चुनावी मैदान में शिव प्रसाद यादव को उतारा है। बसपा की ओर से मंगलवार को जारी की गयी सूची के मुताबिक, मैनपुरी से शिव प्रसाद यादव, बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुलतानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी को बसपा ने टिकट दिया है। इसी तरह डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह, गाजीपुर से डॉ. उमेश कुमार सिंह, वाराणसी से अतहर जमाल लारी को बसपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

### मैनपुरी सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल ने किया नामांकन



**मैनपुरी :** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्याशी डिंपल यादव ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र भरा। उन्होंने नामांकन से पहले पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल सैफई के मेला मैदान पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। नामांकन के लिए मैनपुरी रवाना होने से पहले आवास पर नवरात्रि के चलते कन्या भोज भी कराया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने डिंपल के नामांकन के लिए अष्टमी के दिन का शुभ मुहूर्त चुना। नामांकन से पहले डिंपल ने कन्या पूजन किया, इसके बाद मां दुर्गा के मंदिर में दर्शन करने पहुंची। डिंपल यादव ने कहा कि आज अष्टमी का दिन है। मां दुर्गा के आशीर्वाद के साथ जनता का आशीर्वाद भी मिलेगा।

चुनाव प्रचार : डीएमके पर बरसे भाजपा अध्यक्ष नड्डा, कहा -

# भ्रष्ट शासन के चंगुल से तमिलनाडु को बचाने का आ गया है समय

एजेंसी



**चेन्नई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को रामनाथपुरम में गठबंधन सहयोगी पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोड शो कर जनता को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि डीएमके का मतलब है- वंशवाद, धन की ठगी और कट्टापंचायत। तमिलनाडु को भ्रष्ट शासन के चंगुल से बचाने का समय आ गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने परमकुडी में रोड शो कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल संस्कृति और भाषा को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने का विश्वास दिलाया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हुई है। एक दशक पुराने राजग शासन के दौरान 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में गांवों को मजबूत किया गया है, उन्हें सशक्त बनाया गया है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, गांवों से शहरों तक, बुनियादी ढांचे से लेकर रक्षा तक सभी क्षेत्रों में विकास को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पन्नीरसेल्वम भाजपा नेतृत्व वाले राजग के हिस्से के रूप में रामनाथपुरम से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। नड्डा ने पन्नीरसेल्वम को तमिलनाडु के हित के लिए संघर्ष करने वाला वरिष्ठ और बेहद अनुभवी नेता बताया। यदि मतदाता पन्नीरसेल्वम को चुनते हैं तो वे विकसित भारत बनाने के मोदी जी के संकल्प में योगदान देंगे। नड्डा ने विशेष रूप से डिजाइन वाहन पर सवार होकर रोड शो किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### स्टालिन बोले – मोदी के बार-बार तमिलनाडु आने से नहीं पड़ेगा कोई फर्क

एजेंसी

**चेन्नई :** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बार-बार तमिलनाडु के दौरे से लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सीएम स्टालिन चेन्नई दक्षिण लोकसभा सीट पर अपने गृह क्षेत्र कुलथुर में रोड शो के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु में डीएमके नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक की लहर है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी सीटों पर हमारे मोर्चे की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों में हार की आशंका से डरे हुए हैं। इसी कारण वह विपक्ष शासित राज्यों और मुख्यमंत्रियों को निशाना बना रहे हैं। उनका इशारा अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की ओर था। सीएम स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने पद की गरिमा को कम कर रहे हैं और विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। स्टालिन ने चेन्नई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के डीएमके उम्मीदवार कलानिधि वीरस्वामी के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे।

# परिवारवादी पार्टियों ने रोका जम्मू कश्मीर का विकास : अनुराग ठाकुर

- केंद्रीय मंत्री ने जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में परेड ग्राउंड व गुलाबगढ़ स्टेडियम में जनसभाओं को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर का विकास रोक कर रखा था जबकि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के विकास को नये पंख लगाने का काम किया है। जम्मू एवं कश्मीर में चुनावों को लेकर अपार उत्साह है। देश भर की तरह यहां भी कमल खिलेगा, क्योंकि इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले हैं और हम जोड़ने वाले हैं।

अनुराग ठाकुर मंगलवार को अपने चुनावी कार्यक्रमों के मद्देनजर जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में परेड ग्राउंड व गुलाबगढ़ स्टेडियम में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि किश्तवाड़ और उधमपुर को पूरे देश में सबसे पहले वोट देने का मौका मिल रहा है और यहां के लोगों का उत्साह बता रहा है कि यहां से कमल खिलना तय है। उन्होंने कहा कि आज अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर पूरी तौर पर भारत के साथ जुड़कर आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष 2 करोड़ 10 लाख से ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर आए। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा तीन करोड़ पार कर जायेगा। जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला द्वारा भारतीय जनता पार्टी को मुस्लिम विरोधी पार्टी बताये जाने को तथ्यविहीन बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन परिवारवादी पार्टियों का काम सिर्फ झूठ, भ्रम और भ्रष्टाचार फैलाना है। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास की भावना से काम किया है। जम्मू कश्मीर में गुर्जर-बकरवाल समुदाय का जो हक कांग्रेस ने 70 सालों से नहीं दिया, उसे मोदी ने देने का काम किया है।

### मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ किया काम

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया है। अनुराग ठाकुर ने आगे लोगों से कहा कि आप तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ, हम देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे। कांग्रेस के समय हमारा रक्षा बजट तीन लाख 70 हजार करोड़ था, आज 6 लाख 8 हजार करोड़ है। आज हमारी सेना के पास राफेल जेट हैं, तेजस विमान बन रहे हैं। आज ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर लेटेस्ट एके 203 हथियार आ गये हैं। कांग्रेस के राज में हमारे सैनिकों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं थी, मोदी ने सत्ता में आने के साथ पहले ही चार वर्षों में 2 लाख से ज्यादा बुलेट प्रूफ जैकेट सेना को दिये।

राहुल ने 'अग्निपथ' को सेना और युवाओं का बताया अपमान, कहा –

# सरकार बनते ही रद्द करेंगे योजना

एजेंसी



**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में भर्ती की अल्पकालिक 'अग्निपथ' योजना को सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले युवाओं का अपमान करार दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) की सरकार बनने के साथ ही इस योजना को तत्काल निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जायेगी। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इस योजना को खत्म करने का वादा किया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया - अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। उन्होंने दावा किया कि यह भारतीय सेना की नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा - शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा - विपक्षी गठबंधन की सरकार बनते ही हम इस योजना को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करेंगे। केंद्र द्वारा 14 जून, 2022 को घोषित अग्निपथ योजना साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को केवल चार वर्ष के लिए सेना में भर्ती करने के लिए लायी गयी है। चार वर्ष के बाद इनमें से 25 प्रतिशत को अगले 15 साल के लिए सेना में बरकरार रखने का प्रावधान है।

# खुली जीप में सवार होकर नामांकन करने पहुंचे सिंधिया

- दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ में भरा नामांकन

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में तीसरे चरण में नौ संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह दोपहर बाद अपनी पत्नी अमृता के साथ राजगढ़ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सपत्नीक जालपा माता के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वहीं, केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शिवपुरी में खुली जीप में सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, लाल सिंह आर्य आदि भी उनके साथ मौजूद रहे।

इससे पहले मंगलवार सुबह ज्योतिरादित्य सिंधिया ने टेकरी स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और बजरंगबली के दरबार में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनसेवा का संकल्प आज हम सब ले रहे हैं। क्षेत्र के विकास के लिए, प्रदेश के विकास के लिए और देश के विकास के लिए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास पथ पर अग्रसर हो चुका है। इसके बाद वह कारों के काफिले के साथ गुना से शिवपुरी के रवाना हुए। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। सिंधिया दोपहर करीब पौने दो बजे शिवपुरी पहुंचे। गुना बाईपास से सिंधिया का रोड शो शुरू हुआ। समर्थकों की जिद पर सिंधिया खुले वाहन में सवार हुए। जगह-जगह उनका स्वागत हुआ।

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का दावा –

# महाविकास आघाड़ी 48 सीटों पर जीत हासिल करेगी

एजेंसी



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि महाविकास आघाड़ी (मविआ) महाराष्ट्र में सभी 48 सीटों पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि मविआ के सहयोगी दल आपस में मिलकर काम कर रहे हैं, बहुत जल्द मविआ के नेता साथ मिलकर चुनावी सभाएं करने वाले हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को शिवसेना भवन में अपने पार्टी के चुनाव चिन्ह मशाल गीत का लोकार्पण किया। ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि मविआ महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें जीत रही है, जबकि सामने वाले जिन 45 सीटों का दावा कर रहे हैं, वह संख्या पूरे देश की है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लड़ाई तानाशाही विरुद्ध लोकशाही की है। लोग देश में फिर से तानाशाह सरकार नहीं चाहते हैं। मन बनाकर चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। चुनाव बाद देश को सही मायने में बदलाव मिलने वाला है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कभी भी गुजरात का अपमान नहीं करना चाहते लेकिन गुजरात में भी भाजपा के विरोध में आंदोलन होने लगे हैं। इसका कारण भाजपा की वजह से गुजरात की छवि खराब हो रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सलमान खान के घर के सामने हवाई फायरिंग करने वाले गुजरात से पकड़े गये। इतना ही नहीं, शिवसेना से गद्दारी करने वाले भी गुजरात में जाकर छिपे थे। गुजरात में ही ड्रग की खेप उतर रही है। इससे गुजरात की छवि खराब हो रही जो आम गुजरात के लोगों को शर्मसार कर रहा है।

# लोस चुनाव : आसनसोल कोयलांचल क्षेत्र में भाजपा और तृणमूल में दंगल

INSIDE STORY

एजेंसी



**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव के लिए पूरे देश में राजनीतिक गहमागहमी का माहौल है। पश्चिम बंगाल पर पूरे देश की निगाहें इसलिए टिक गयी हैं, क्योंकि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन में होने के बावजूद ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। राज्य में कई ऐसी सीटें हैं जो वीआईपी हैं, जिन पर लड़ाई दिलचस्प होने वाली है। ऐसी ही एक सीट है आसनसोल लोकसभा सीट। आसनसोल सीट से वैसे तो 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर बाबुल सुप्रियो ने जीत दर्ज की थी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने पर पार्टी से उनकी अनबन हो गयी और उन्होंने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। यहां से 2022 के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर शत्रुघ्न सिन्हा जीते थे, जिन्हें इस बार भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर भाजपा ने उनके खिलाफ एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है, जो पहले भी भाजपा से ही सांसद रह चुके हैं। वामदल भी इस सीट पर ताल ठोक रहे हैं और जहांआरा खान को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां 13 मई को चौथे चरण में वोटिंग होगी। 2014 से पहले इस सीट पर माकपा उम्मीदवारों का कब्जा था और 2014 में पहली बार भाजपा के टिकट पर बाबुल सुप्रियो जीते थे। इस बार लड़ाई दिलचस्प होने वाली है, क्योंकि हिंदीभाषी गढ़ होने की वजह से भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदाता हैं। 2022 के उपचुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ अग्निमित्र पॉल ने चुनाव लड़ा लेकिन वे हार गयी थीं। इस सीट पर जीत दर्ज करने के बाद आजतक शत्रुघ्न सिन्हा ने संसद में एक बार भी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया है। यहां तक कि आसनसोल में भी लोगों से वह संपर्क में नहीं रहे हैं जिसकी वजह से स्थानीय लोगों में नाराजगी भी है।

**कोयलांचल शहर है आसनसोल :** आसनसोल, कोलकाता के बाद पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा शहर है। छोटानागपुर के पठार के लगभग मध्य में प्रदेश के पश्चिमी सीमा पर स्थित यह नगर खनिज पदार्थों में धनी है। यहां सेनरैल साइकिल का भारत प्रसिद्ध कारखाना है। यह शहर भारत के उन 11 शहरों में से एक है जो विश्व के 100 सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों की सूची में हैं। प्रदेश की राजधानी कोलकाता से 200 किलोमीटर दूर दामोदर नदी की घाटी में स्थित आसनसोल की अर्थव्यवस्था का आधार कोयला और स्टील है। घागर बुरी चांदनी मंदिर, गैलेक्सी मॉल, कल्याणेश्वरी मंदिर, नेहरू पार्क, बिहारीनाथ हिल यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से इसकी दूरी 1,283.7 किलोमीटर है।

### मतदाताओं का आंकड़ा

**आसनसोल** लोकसभा में वर्तमान में सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उनमें से सात लाख 72 हजार 138 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 43 हजार 683 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 44 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 12 लाख 38 हजार 135 थी। जिनमें से कुल पुरुष मतदाता छह लाख 64 हजार 991 और महिला मतदाता पांच लाख 72 हजार 239 थीं। 2019 में कुल मतदान प्रतिशत 76.62 फीसदी था।

लोकसभा चुनाव | संकल्प सभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को दी चुनौती

# बांग्लादेशियों को देश से खदेड़ने की भरी हुंकार

एजेंसी

**अररिया :** अररिया में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को बिहार से बाहर और बांग्लादेशियों को देश से बाहर भेजने की हुंकार भरी। सम्राट चौधरी अररिया में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सह संकल्प सभा में भाग लेने के लिए लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और जदयू नेता मंत्री रामनाथ ठाकुर के साथ पहुंचे थे। शिवपुरी वार्ड संख्या नौ स्थित मैदान में जनसभा के दौरान सम्राट चौधरी ने जमीन माफिया, बालू माफिया एवं अन्य माफियाओं को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने बांग्लादेशी को भी बिहार और भारत से बाहर खदेड़ने की बात कही। उन्होंने सावन माह के दौरान राहुल गांधी के मटन और नवरात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर में तेजस्वी प्रसाद और मुकेश सहनी के द्वारा मछली खाये जाने पर चुटकी लेते हुए विपक्षियों को सनातन विरोधी और भगवान राम को नहीं मानने वाला बताया। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार के लंबे समय तक पिछड़ेपन का मुख्य कारण बिहार और केन्द्र में अलग अलग सरकार के होने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार अब है और बिहार में विकास को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने उत्तर प्रदेश के तीव्र गति से विकास होने के पीछे केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होना बताया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ।

### भारत में 25 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से निकले बाहर



**चिराग** ने अपने संबोधन में कहा कि 10 सालों के दौरान भारत में 25 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब जन कल्याण अन्न योजना को विश्व की सबसे बड़ी योजना करार दिया। सभा में पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद, सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, रानीगंज विधायक अचमीत ऋषिदेव समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के सभी जिला पदाधिकारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि अररिया के लोगों ने प्रदीप कुमार सिंह को पुनः अपना सांसद बनाने का ठान लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर



की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे।

### पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 54 साल के स्लेटर ने सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने मामले का उल्लेख किया था। वह 5 दिसंबर, 2023 से 12 अप्रैल, 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट



पर किए गए कथित अपराधों से संबंधित 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोपों में गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले हमले और घरेलू हिंसा के अपराध शामिल हैं।

कोर्ट ने भी दस आरोप लगाए

पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के दस आरोप भी लगाए गए थे। पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्होंने कई दिनों तक घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद शुक्रवार को उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को अदालत के आदेश पर स्लेटर को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया।

आईपीएल 2024



# हैदराबाद ने रचा इतिहास

## 287 रनों की पारी से टूटे कई रिकॉर्ड

बेंगलुरू, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद टीम ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया. सनराइजर्स ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 287/3 रन बनाए. यह टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है. इस आईपीएल सीजन में अब तक तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है, जो अपने आप में एक और रिकॉर्ड है.

### आईपीएल 2024: ट्रैविस हेड की विस्फोटक बल्लेबाजी

यश दयाल ने अपने ओवर में 20 रन लुटाकर पावर-प्ले को समाप्त किया. हेड ने 20 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से अर्धशतक पूरा किया. छह ओवर के पावर प्ले के बाद सनराइजर्स बिना किसी नुकसान के 76 रन के स्कोर पर था. हेड ने 39 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक लगाया और डेविड वॉर्नर के 43 गेंद पर शतक के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. हेड पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे और अपनी शतकीय पारी में 9 चौकों और 8 छक्के लगाए.

### पहले विकेट के लिए 8 ओवर शतकीय साझेदारी

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और केवल 39 गेंदों में अपना पहला आईपीएल शतक बनाया. यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक है. एम चिन्नास्वामी को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग कहा जाता है, इसे सच बनाया सनराइजर्स ने. पावर-प्ले का दूसरा ओवर लेकर आए रीस टॉपले ने 20 रन लुटाए. हेड ने चौके के साथ शुरुआत की और फिर अभिषेक ने ओवर को छक्के के साथ समाप्त किया. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई, वह भी केवल 8 ओवर में.

# आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आरसीबी से ब्रेक

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर ग्लेन मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया। आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने खुद को प्लेइंग 11 से ड्रॉप करने का कप्तान से आग्रह किया था।

ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए निजी रूप से यह आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं कोच और कप्तान फाफ डू प्लेसी के पास गया और कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि किसी और को आजमाएं। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए खुद को और बुरी परिस्थिति में पाया है . मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं। साथ ही खुद को मानसिक तथा शारीरिक रूप से आराम दूं। आगे चलकर टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी ज़रूरत पड़ती है तो शायद मैं अच्छे से टीम में योगदान दे पाऊंगा। मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले दो टी-20 शतक लगाए थे, एक भारत के खिलाफ गुवाहाटी में और दूसरा वेस्टइंडीज के खिलाफ एडिलेड में जड़ा था। यह



प्रदर्शन वनडे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद आया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक बनाया। हालांकि, आईपीएल में आरसीबी के लिए उनका बल्ला खामोश नजर आ रहा है। सोमवार को हुए मैच से पहले मैक्सवेल ने आरसीबी के लिए 6 पारियों में केवल 5.33 की औसत से मात्र 32 रन बनाए थे। आशंका थी कि वह अंगूठे की चोट के कारण बाहर बैठ सकते हैं, लेकिन जो हुआ वह इसके विपरीत था।

# हैदराबाद से हार के बाद भी बेंगलुरु के पास है प्लेऑफ में पहुंचने मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 25 रनों से हराया. दरअसल, अब तक 7 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि यह टीम महज पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतने में कामयाब रही. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 7 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ सबसे निचले यानी दसवें पायदान पर काबिज है. लेकिन क्या अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है? क्या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेऑफ खेलने की उम्मीदें जिंदा हैं?

**अब तक ऐसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर...** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को जरूर हराया, लेकिन इसके चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है. अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपना आगामी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी.



### अब कैसे प्लेऑफ में पहुंच सकती है बैंगलोर?

- दरअसल, यहां से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है, लेकिन यह बेहद मुश्किल होने वाला है. इस टीम के पहले 7 मैचों में महज 2 प्वॉइंट्स हैं. अब आरसीबी के 7 मुकाबले बचे हैं, अगर फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने आगामी सभी 7 मुकाबले जीतने में कामयाब रहती है तो कुल 16 प्वॉइंट्स हो जाएंगे, लेकिन इतने से आरसीबी का काम नहीं बनेगा. इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बाकी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा, यानी अब हालात आरसीबी के कंट्रोल में नहीं है, लिहाजा इस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण है.

# मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी स्नष्ट को 2-1 से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी स्नष्ट को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया।

मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।



**मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर-** मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं मुम्बई सिटी स्नष्ट 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तान और मैच रेफरी।

- **हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे-** मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाई तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।
- **दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया-** दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी स्नष्ट को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमें बॉल को अपने पास रखने के लिए जूझते हुए।

# हार्दिक पंड्या के लिए टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना हुआ

**मुश्किल नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले जब मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था, तो उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आईपीएल 2024 के दौरान उन्हें इतनी ज्यादा आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने, लेकिन टीम के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन काफी ज्यादा औसत दर्जे का रहा है। मुंबई इंडियंस ने कुल छह मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को महज दो मैचों में ही जीत नसीब हुई है। इस दौरान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन ना बैटिंग में और ना ही बॉलिंग में कुछ कमाल कर पाए हैं। इस बीच एक और खबर आ रही है कि हार्दिक पांड्या के लिए इस साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में जगह बनाना आसान नहीं होने वाला है।

खबर के मुताबिक मुंबई हेड क्वार्टर में हुई मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बीच मीटिंग हुई थी, जिसमें रोहित शर्मा ने कहा था कि उनका फोकस अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक पेसर ऑलराउंडर पर है। आईपीएल 2024 की बात करें तो हार्दिक पांड्या ने ज्यादा गेंदबाजी की नहीं है और जब की भी है, तो बिल्कुल भी असरदार नजर नहीं आए हैं। हाल में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की ओर से आखिरी ओवर किया था, जिसमें एमएस धोनी ने उनकी लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए थे।

# 108 मीटर का छक्का, रियल थाला...

## दिनेश कार्तिक पर कही रोहित शर्मा की भविष्यवाणी कहीं सच ना हो जाए, टी20 वर्ल्ड कप के बने दावेदार

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 11 अप्रैल को खेला जा रहा था. दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे, ईशान किशन के बगल में स्लीप पर खड़े रोहित शर्मा ने उनको मैच के दौरान कहा शाबाश डीके, वर्ल्ड कप खेलना है अभी...

यह सुनकर कार्तिक मुस्कुराए और बल्लेबाजी करने लगे. कार्तिक ने उस मैच में 23 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली, वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह तरह की मनचाही बल्लेबाजी की, उससे , ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और जितेश शर्मा जैसे कीपर्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप से पहले.



दिनेश को जो बदला हुआ रूप इस बार फिर से आईपीएल में दिख रहा है कि उससे एक बात तो तय है कि वो दूसरे विकेटकीपर्स के लिए चुनौती बन गए हैं. उनकी 38 साल की उम्र को एकबारगी को साइड में कर दिजिए, फिश्र सोचिए..अब तक फिलहाल जिस तरह वह आईपीएल में खेल रहे हैं, उससे एक बात तो साबित हो गई है कि उनके अंदर अब भी इस फॉर्मेट में खेलने का दम बाकी है. ऐसे में बड़ा सवाल है कि रोहित शर्मा ने भले ही मजाक में दिनेश कार्तिक से यह बात कही हो, लेकिन अब कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए उतरने वाले विकेटकीपर्स की रेस में तो आ गए हैं. कार्तिक ने इस दौरान टी20 में 6000 रन भी पूरे किए.



# फाइनेंशियल सेक्टर में बड़ा धमाका करने की तैयारी में मुकेश अंबानी

## दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी का मिला साथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी टेलिकॉम और रिटेल के बाद अब वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकिंग बिजनस में भी तहलका मचाने की तैयारी में हैं। अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल ने दुनिया के सबसे बड़े एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। दोनों कंपनियां भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस के लिए पहले ही हाथ मिला चुकी हैं। जियो फाइनेंशियल ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंजेज को दी जानकारी में बताया कि उसने भारत में वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकरेज कंपनियां शुरू करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। इसमें दोनों कंपनियों की 50-50 फीसदी हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले साल अपने फाइनेंशियल बिजनस कारोबार को अलग करके जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम से एक कंपनी बनाई थी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को पिछले साल जुलाई में शेयर मार्केट में लिस्ट किया गया था। उसके बाद कंपनी ने ब्लैकरॉक के साथ मिलकर भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस शुरू करने की घोषणा की थी। इस बिजनस में दोनों कंपनियों ने 15-15 करोड़ डॉलर निवेश करने की घोषणा की थी। जियो ने सोमवार को कहा कि नए वेंचर से ब्लैकरॉक के साथ उसके संबंध और मजबूत होंगे। इससे भारत में एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव आने की संभावना है। ब्लैकरॉक दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर कंपनी है। इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट करीब 10 ट्रिलियन डॉलर था। यह भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 फीसदी यही कंपनी संभालती है।

### लैकरॉक की दुनिया

ब्लैकरॉक दुनिया का सबसे बड़ा शेडो बैंक है। अगर हम यह कहें कि पूरी दुनिया इस कंपनी के कब्जे में है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। दुनिया के हर बड़े सेक्टर की बड़ी कंपनी में इसका हिस्सा है। ब्लैकरॉक की ऐपल में 6.5 प्रतिशत, वेरिजॉन और फोर्ड में 7.25 प्रतिशत, मेटा में 6.5 प्रतिशत, वेल्स फर्गो में सात परसेंट, जेपीमोर्गन में 6.5 प्रतिशत और डॉयचे बैंक में 4.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक में ब्लैकरॉक की 4.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे प्रभावशाली शख्स माना जाता है। ब्लैकरॉक भारत में इन्वेस्टिंग, ऑपरेशंस, एनालिटिक्स और कॉरपोरेट फंक्शंस में काम कर रही है। उसके भारत में करीब 2,400 कर्मचारी हैं। कंपनी एशिया में 422 अरब डॉलर का एसेट मैनेज कर रही है जिसमें 15 फीसदी भारत में है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्वः एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स

### केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े; हर माह 24 जीबी डेटा की खपत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले



ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं।

**केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी**– देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। ट्राई के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 फरवरी, 2024 तक, केबल लाइनों पर 3.9 करोड़ की तुलना में मोबाइल उपकरणों (मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता) के माध्यम से ब्रॉडबैंड ग्राहक 87.6 करोड़ थे। इसके अलावा भारतीय उपयोगकर्ताओं ने 2023 तक मोबाइल उपकरणों पर प्रति माह औसतन 24 जीबी डेटा का इस्तेमाल किया।

# रेलवे स्टॉक की रतार होगी तेज, 220 के पार जाएगा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे स्टॉक भारतीय रेलवे वित्त निगम के शेयर अगले छह से आठ महीनों में 220 के स्तर को पार कर सकते हैं। यह दावा है तकनीकी विश्लेषक मानस जायसवाल का। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा तभी हो सकता है, जब स्टॉक ऊपर की ओर 160 के स्तर को पार कर जाए। सरकारी रेलवे फाइनेंसर 8 फरवरी के बाद से 160 के स्तर से ऊपर बंद नहीं हुआ है। आज यानी मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर पौने दो बजे के करीब एक फीसद चढ़कर 141.75 रुपये पर पहुंच गया है।

जायसवाल ने अगाह करते हुए कहा है कि इस तरह के शेयरों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि, ये ऐसे शेयर नहीं हैं कि आप इन्हें दो साल के लिए लॉक कर दें और फिर पता लगाएं कि कीमत क्या है। हालांकि, जब भी स्टॉक 100 के स्तर से नीचे आता है तो उन्होंने मौजूदा पोजीशन की सलाह दी।

जनवरी में आईआरएफसी के शेयरों में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन उसके बाद से गिरावट का रुख बना हुआ है। स्टॉक अभी भी 192 के अपने उच्चतम स्तर से 26 प्रतिशत नीचे है, जो इस साल 23 जनवरी को पहुंचा था।

आईआरएफसी 2021 का पहला आईपीओ था जो अपने इश्यू प्राइस 26 की तुलना में मामूली छूट पर शेयर बाजार में एंट्री की थी। अगले दो वर्षों में कुछ भी नहीं करने के बाद, स्टॉक ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया और 2023 में 200 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया।

जब यह अपने चरम पर था तो आईआरएफसी का मार्केट कैप 20 से अधिक निफ्टी 50 कंपनियों से अधिक था। मौजूदा कीमत पर भी आईआरएफसी का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ से अधिक है। यह अभी भी टाटा स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, टेक महिंद्रा जैसे कई कंपनियों से अधिक है।अप्रैल में अब तक स्टॉक स्थिर है, मार्च में 3 प्रतिशत और फरवरी में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# विदेश से मिला हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेडको 500 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट के बीच हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड के शेयरों में उछाल है। मंगलवार यानी आज के कारोबार में शेयरों में तब तेजी आई, जब कंपनी ने कहा कि उसे ऑटोमोबाइल ड्राइवलाइन कंपोनेंट एंड सिस्टम के एक अग्रणी वैश्विक टियर 1 निर्माता से ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत कंपनी यात्री वाहनों (यूटिलिटी वाहन/पिकअप ट्रक) के लिए ब्रेक फ्लैंज की सप्लाई करेगी। कंपनी ने ऑर्डर देने वाले का नाम नहीं बताया , लेकिन कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। ऑर्डर को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही या वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से दिसंबर 2034 तक खत्म किया जाना है।




इस ऑर्डर का मूल्य 69 करोड़ से 70 करोड़ सलाना है, जो पूरी अवधि के लिए लगभग 500 करोड़ है। आज दोपहर 1.00 बजे हैप्पी फोर्जिंग्स के शेयर 4.71 प्रतिशत बढ़कर 948 पर कारोबार कर रहे थे। पिछले महीने में स्टॉक में 16.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब के लुधियाना स्थित हैप्पी फोर्जिंग्स ऑटो कंपोनेंट के निर्माण में शामिल है। कंपनी भारत में ग्राहकों के लिए स्टीयरिंग नक्कल्स, फ्रंट एक्सल बीम, बेवेल गियर, काउंटर शाफ्ट और ट्रांसमिशन कंपोनेंट का प्रोडक्शन और मार्केटिंग करती है। साल फरवरी में कंपनी को एसयूवी के लिए पूरी तरह से मशीनीकृत कंपोनेंट की आपूर्ति के लिए 400 करोड़ का ऑर्डर मिला था।

हैप्पी फोर्जिंग्स साल 2023 के अंतिम आईपीओ में से एक था और इसके इश्यू प्राइस 850 प्रति शेयर पर 18 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक अपने आईपीओ मूल्य 850 से 11 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रहा है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1087.40 रुपये है।

# टॉप 10 अमीरों में से नौ की नेटवर्थ में आई गिरावट

**● एक झटके में गंवा दिए 28 अरब डॉलर ● फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में तेजी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे दुनिया के टॉप 10 अमीरों की नेटवर्थ में करीब 28 अरब डॉलर यानी 23,39,97,82,00,000 रुपये की गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सोमवार दुनिया के टॉप 15 अमीरों में से केवल दो की नेटवर्थ में इजाफा हुआ। इस लिस्ट में पहले नंबर पर मौजूद फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में 2.91 अरब डॉलर की तेजी आई और यह 218 अरब डॉलर पहुंच गई। दुनिया के 15वें नंबर के रईस स्पेना के एमेंशियो ओर्टेगा की नेटवर्थ 1.08 अरब डॉलर उछली। सबसे ज्यादा नुकसान एलन मस्क को हुआ। सोमवार की उनकी नेटवर्थ में 6.84 अरब डॉलर की गिरावट आई।

अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 3.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 205 अरब डॉलर रह गई। मस्क 178 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ 4.08 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 178 अरब डॉलर रह गई। बिल गेट्स की नेटवर्थ में सोमवार को 1.65 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 150 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। स्टीव बालमर की नेटवर्थ में 2.69 अरब डॉलर, लैरी पेज की 2.43 अरब डॉलर, वॉरेन बफे की 132 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 2.30 अरब डॉलर की गिरावट आई।

**अंबानी-अडानी का हाल-** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 80.6 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं।

इस साल उनकी नेटवर्थ में 15.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में सोमवार को 2.36 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 99.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 15.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## ग्राहक को कर्ज देते समय बैंक को देनी होंगी सभी जानकारियां, आरबीआई ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को एक अक्तूबर से खुदरा एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्ज लेने वाले ग्राहकों को ब्याज व अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में पूरी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिए गए नए कर्ज भी शामिल हैं। आरबीआई का यह




निर्देश उसके नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की ओर से दिए जाने वाले खुदरा व एमएसएमई टर्म लोन पर लागू होगा। बैंक ने सोमवार को कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है।


## झारखण्ड अग्निशमन सेवा

### सही अग्निशामन यंत्र का प्रयोग

विशेष प्रकार की आग के जोखिम के लिए आपके द्वारा अग्निशमन यंत्र का चुनाव किया जाना आग को नियंत्रित करने के मामले मे एक महत्वपूर्ण कार्य है। अग्निशमन यंत्र का चुनाव करते समय आग के प्रकार के बारे में अवश्य जानें जो कि अग्निशमन यंत्र पर बड़े अक्षरों में **A, B** अथवा **C** के रूप में लिखा रहता है।

| क्र0 | अग्निशामक यंत्र के प्रकार | प्रकार | आग पकड़ने वाली सामग्री | जोखिम क्षेत्र | आग बुझाने के तरीके | चेतावनी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सी0ओ0टू0 (Water CO2) | A | कार्बनिक ठोस पदार्थ, अर्थात लकड़ी, कागज, कपड़ा, प्लास्टिक आदि। | अस्पताल, कार्यालय, थियेटर, बैंक, रेस्तराँ आदि। | ठंडक नीचे गहराई तक पहुंच जाती है। 'ए' श्रेणी के आग के मामले में कारगर। | चलते विद्युत उपकरणों पर कभी भी प्रयोग नहीं करें। |
| 2. | मैकेनिकल फोम (झाग) AFFF | B | ज्वलनशील द्रव्य। | पेट्रोल स्टोरेज डिपो, पेंट निर्माण इकाइयां और ज्वलनशील द्रव्य। | जलते द्रव्य पर आग की मोटी परत बन जाती है जिससे आक्सीजन की आपूर्ति रुक जाती है | चलते विद्युत उपकरणों पर कभी भी प्रयोग नहीं करें। |
| 3. | कार्बन डाइक्साइड ($CO_2$) | B C | ज्वलनशील द्रव्य, गैस, विद्युत उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स । | मोटर पम्प हाउस, प्रयोगशालाएं संग्रहालय और विद्युत / इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण। | नजदीक जाकर आग शुरू होने वाली जगह पर नीचे की ओर से छोड़ें। कार्बन डाइक्साइड भारी होने के कारण नीचे बैठ जाता है और ऑक्सीजन की आपूर्ति रोक देता है। | कार्बन डाइक्साइड से बंद जगह मे दम घुट सकता है। आग बुझाने के बाद हवा आने जाने के लिए उस जगह को खोल देना चाहिए। |
| 4. | शुष्क रासायनिक पाउडर (D.C.P. Extinguisher) | B C | ज्वलनशील द्रव्य और गैस | एल0पी0जी0 के भंडारण क्षेत्र, एसिटिलीन, पेट्रोल, औद्योगिक घोलक और विद्युत उपकरण। | दहन श्रृंखला के साथ रासायनिक रूप से हस्तक्षेप करता है। | भीड़–भाड़ वाले स्थान में कभी प्रयोग नही करें क्योंकि पाउडर के कोहरे के कारण दिखना बंद हो जाता है। |
| 5. | ए0बी0सी0 पाउडर (प्रेशर टाइप) | A B C | आर्गेनिक ठोस ज्वलनशील द्रव्य और गैस | खुला भंडार, जेनरेटर रूम, ताप उपकरण दुकानें। | दहन श्रृंखला के साथ रासायनिक रूप से हस्तक्षेप करता है। | भीड़–भाड़ वाले स्थान में कभी प्रयोग नही करें क्योंकि पाउडर के कोहरे के कारण दिखना बंद हो जाता है। |

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,झारखण्ड, रॉंची

PR 323840 Jharkhand Fire Service(24-25).D


# अनिल अंबानी की कंपनी के चक्कर में नप गए दो सीए, 10 साल का प्रतिबंध और एक करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल से जुड़े फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। अथॉरिटी ने गड़बड़ी के आरोप में दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को पांच से दस साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही उन पर और एक ऑडिट फर्म पर तीन करोड़ रुपये तक का फाइन भी लगाया है। आरबीआई ने 29 नवंबर, 2021 को भुगतान में चूक और गवर्नेंस से जुड़ी गंभीर समस्याओं के कारण रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था और नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। सितंबर, 2021 में रिलायंस कैपिटल ने अपने शेयरहोल्डर्स को बताया था कि कंपनी पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज है।

हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एनएफआरए ने 12 अप्रैल के अपने एक आदेश में कहा कि ऑडिट फर्म पाठक, एच.डी. एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इंगेजमेंट पार्टनर सीए परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और इंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू पार्टनर सीए विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। श्वक्क को 10 साल और श्वत्त्ष्टक्र को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान ये किसी कंपनी में ऑडिटर या इंटरनल ऑडिटर का काम नहीं कर सकते हैं। साथ ही किसी कंपनी



के फाइनेंशियल एक्टिविटी में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। ऑर्डर में कहा गया है कि रिलायंस कैपिटल पर फाइनेंशियल ईयर 2019 में बैंकों का करीब 12,000 करोड़ रुपये का लोन था। साथ ही एक्टरनल डेट के रूप में कंपनी पर 32,000 करोड़ रुपये का बकाया था।

### हिंदूजा के छूट रहे पसीने

आरबीआई ने रिलायंस कैपिटल के खिलाफ आईबीसी के तहत इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग की कार्यवाही शुरू की थी। हिंदूजा ग्रुप ने इसे खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई है लेकिन कंपनी को फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है। ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए 9,650 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था जिसे कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने पिछले साल जुलाई में मंजूरी दी थी।

दिसंबर ने कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने रिलायंस कैपिटल में हिस्सा खरीदने के आईआईएचएल, आईआईएचएल बीएफएसआई (इंडिया) औरआसिया एंटरप्राइजेज एलएलपी की योजना को हरी झंडी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स का मुताबिक हिंदूजा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी इंडसइंड इंटरनेशल होल्डिंग्स इस डील के लिए कुल 8,000 करोड़ रुपये उधार लेने की तैयारी में है। लेकिन उसे प्राइस से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि क्रेडिट फंड्स ज्यादा रेट मांग रहे हैं।



# 17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

## राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।


## राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

## राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है। सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।




# राम से भी बड़ा राम का नाम

**'राम' सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।**

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

### राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

### राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दु:ख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम राम।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

### तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

### जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

### चौपाई

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?*
*रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?*

### भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

## भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।





# रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

### भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ 卐मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)



# राम जन्म की रोचक घटनाएं

**भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।**

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :**
  रामचरितमानस के बालकंाड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :**
  योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :**
  वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :**
  जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :**
  राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं।